भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी/पंचमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 41 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

13 अगस्त 2025 बुधवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

21 न्यूनतम


बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page-7

# बड़ा सवाल : डोनाल्ड ट्रम्प अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे?



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया
पार्ट -1

**क्या** ट्रम्प अपने ही बनाए जा रहे मकडाल में उलझ रहे हैं? कहीं टैरिफ से शुरू ट्रम्प के कदम टेरेरिज्म की ओर तो नहीं बढ़ रहे? यदि चीन, भारत और तुर्किए रूस से तेल नहीं खरीदते तो दुनिया को 70 के बजाए 150 डॉलर प्रति बैरल क्रूड आयल मिलता, जो पूरी दुनिया की इकॉनामी को हिलाकर रख देता। अमेरिका सहित पूरी दुनिया आर्थिक मंदी झेलती सो अलग। रूस से तेल खरीदने पर पाबंदी और भारत से ज्यादा तेल खरीदने वाले अमेरिका के बाजार पर 80 फीसदी के करीब कब्जा जमाए बैठे चीन के साथ नए टैरिफ में तीन महीने की और मुरव्वत। दुनिया के साथ अमेरिका में ट्रंप के रोज बदलते फरमानों से अब यही सवाल उठ रहे हैं कि क्या ट्रम्प अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे? सबको पता है कि रूस-यूक्रेन लड़ाई छिड़ने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने ही भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की सलाह दी थी। चीन तो पहले से ही भारत से ज्यादा तेल खरीद रहा था। फिर तुर्किए भी खरीदने लगा लेकिन ट्रम्प ने टैरिफ लगाया तो सिर्फ भारत पर। अमेरिकी बाजार में कब्जा करके बैठे चीन ने जब टैरिफ को लेकर अपने दांव खेले और भारत की विदेश नीति में दखल नहीं देने की पैरोकारी की और कहा कि भारत क्या किसी भी देश की विदेश नीति में कोई दूसरा देश दखल नहीं दे सकता। इसके बाद अमेरिका को अहसास हुआ कि कहीं रूस और अमेरिका के साथ चीन ने साझेदारी कर ली तो सारे समीकरण बदले जाएंगे। जिसके जरिए भारत (हालांकि न भारत झुका और न नरेंद्र मोदी) को धमका रहे अमेरिका को चीन के सामने घुटने टेकना पड़ गए। टैरिफ की दरें बढ़ाने के फैसले को अगले तीन महीने तक मुल्तवी करने के पीछे भी उसकी यही आशंका है। फिर ट्रंप के फैसलों से अमेरिका में भी कोहराम मचना शुरू हो गया था, जिसे संभालना ट्रम्प प्रशासन को भारी पड़ने लगा है। भारत के साथ विदेशी मामलों के जानकार पूर्व आईएएस अफसर अजातशत्रु की माने तो एएफपीआई यानि मेकिंग अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट 2021 में मिशन 2025 के तहत बना था। रिपबल्किन पार्टी के इसी थिंक टेंक ने इसी के तहत डोनाल्ड ट्रम्प के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ा और जीता भी। उन्हें एएफपीआई ने मिशन 2025 के तहत 121 बिंदुओं का एजेंडा पकड़ाया था। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की संधि को ताक में रखकर अपने रोज बदलते एक्जीक्युटिव ऑर्डर के चलते ट्रम्प ने जो फैसले लिए हैं उससे अमेरिकी जनता के साथ पूरी दुनिया हैरान परेशान है। राजनीतिक टिप्पणीकार फरीद जकारिया तो कह रहे हैं कि ट्रम्प के फैसले समझ से परे हैं। फरीद के मुताबिक यदि चीन और भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो दुनिया में तेल की कीमतें 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं। इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में भूचाल आ जाएगा और अमेरिका सहित कई देश मंदी की चपेट में आ जाएंगे। जहां तक भारत का सवाल है तो कांग्रेसी प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहाराव ने वर्ल्ड ट्रेड आर्गनाइजेशन की संधि पर हस्ताक्षर करके वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनाया। यह बुनियादी तौर पर पूंजीवाद को आर्थिक उदारीकरण के रैपर में लपेटकर लाया गया था, क्योंकि भारतीय जनमानस तब तक पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का घोर विरोधी था। ट्रेड यूनियनों का बोलबाला था। इसके शुरुआती नतीजे सबको भाए क्योंकि दुनिया भर का सामान सस्ती दरों पर भारतीयों को मिलने लगा। स्वदेशी जागरण मंच ने तब देश को चेताने की कोशिश की लेकिन सबने इसे नजरअंदाज कर दिया। मुझे याद है, जब एक बार तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री स्व. अर्जुन सिंह से मैने जिज्ञासावश पूछा कि अभी तो सब कुछ सुनहरा दिख रहा है जब आगे इस पूंजीवाद का विद्रूपता भरा रूप सामने आएगा तब भारत क्या करेगा? तब अर्जुन सिंह ने कहा था कि जैसे हम इस उदारीकरण को लाए हैं वैसे ही एक झटके में इसे दूर कर देंगे। तब भाजपा के कई नेताओं से भी बातचीत के दौरान इसके पीछे छुपे असली खतरों के बारे में बात करते थे तो वे भी इसको हंसी में उड़ा देते थे। दरअसल, अस्थिरता के दौर के बीच चंद्रशेखर की सरकार के दौरान देश के आर्थिक हालात किसी से छुपे नहीं थी। ऐसे में संधि पर हस्ताक्षर करना हमारी मजबूरी थी। राव के बाद देवगौड़ा, और इंद्रकुमार गुजराल जैसे मजबूरी के प्रधानमंत्रियों का दौर भी आया। यहां तक कि अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान भी भारत की नीति में कोई अंतर नहीं आया क्योंकि भारत वैश्विक संधि (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) के करार से बंधा था। लेकिन 2008 में इसी नीति के चलते विश्व ने आर्थिक मंदी का बुरा दौर भी देखा लेकिन उस वक्त देश के प्रधानमंत्री प्रख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जैसी शख्सियत थी जिसने भारत को इस आर्थिक मंदी से किसी तरह बचा लिया। लेकिन विकास की रफ्तार सुस्त पड़ गई। जिसे बाद में नरेंद्र मोदी के दौर में गति मिलना शुरू हुई। यह भी घटती विकास दर से जूझते अमेरिका की चिढ़ की एक वजह है।



### पुत्र मोह में पीछे छूटते जा रहे अमेरिका के हित

अजातशत्रु का मानना है कि पहले तो ट्रम्प ने मेकिंग अमेरिका फर्स्ट को ही आगे बढ़ाया लेकिन अब अमेरिकी थिंक टैंक को समझ में आ गया है कि ट्रम्प ने अमेरिका के एजेंडे में अपने पुत्र के व्यापारिक और राजनीतिक हितों का घालमेल करने की खातिर देश के हितों को पीछे छोड़ दिया है। इससे एएफपीई और दक्षिणपंथी रूढ़िवादी थिंक टैंक हेरिटेज फाउंडेशन परेशान है। अमेरिका में उभरते रिपब्लिकन पार्टी के विरोधी के सुरों के बीच ट्रंप शायद ही अपना कार्यकाल पूरा कर सकेंगे। रिपब्लिकन पार्टी की नेता निकी हैली साफ तौर पर कह चुकी हैं कि चीन को आगे रखकर भारत जैसे मित्र राष्ट्र को खोना अमेरिका के लिए घातक साबित हो सकता है।

## श्रद्धालुओं की पिकअप कंटेनर में घुसी, 11 मौतें

**दौसा, एजेंसी।**

राजस्थान के दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुस गई। एक्सीडेंट में 7 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट आज तड़के करीब चार बजे नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना के बापी गांव में हुआ है। पिकअप में सवार सभी लोग खाटूश्याम के दर्शन कर लौट रहे थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पिकअप सवार एटा के रहने वाले थे। पिकअप में 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें 10 की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। अभी चार मृतकों की पहचान नहीं हुई है। राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि पिकअप सड़क किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई थी। जहां एक्सीडेंट हुआ वो ब्लैकस्पॉट है। ये एरिया सरकार के भी संज्ञान में है। ऐसे और भी एरिया राजस्थान में चिन्हित किए गए हैं। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।




### टैरिफ व डील पर होगी बात, सिंधु जलसंधि मामले को तूल देने में जुटा पाक

# मोदी अमेरिका जाकर देंगे बड़ा संदेश बौखलाए पाक की तीसरी गीदड़ भभकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पाकिस्तान की अमेरिका से बढती पींगों के बीच अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। वे संयुक्त राष्ट्र महासभा की सालाना बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी का यह दौरा सितंबर के आखिरी हफ्ते में संभावित है। दौरे का असली मकसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर व्यापार और टैरिफ से जुड़े विवाद सुलझाना भी हो सकता है। इस दौरान दोनों नेता एक ट्रेड डील का ऐलान भी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने के अंत में मोदी जापान व चीन के दौरे पर भी जा रहे हैं। वहीं अमेरिका में यूएनजीए में उनका भाषण का दिन 26 सितंबर का तय है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी कहा है कि उनकी मोदी से मुलाकात सितंबर में यूएनजीए के दौरान हो सकती है। उधर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने अब सिंधु जल समझौते को लेकर भारत को सीधी धमकी दी है। यह बीते तीन दिन में तीसरी धमकी है।

दरअसल सिंधु जल संधि पर भारत के रुख से पाकिस्तान की बौखलाहट बढ रही है। शरीफ ने सिंधु जल संधि स्थगित करने पर भारत को धमकी देते हुए इस्लामाबाद में कहा कि- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे। शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। वहीं पाक के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने भी कहा था कि भारत ने यदि बांध बनाया तो हम मिसाइलों से उड़ा देंगे।



### इस बार... लालकिले से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को करेंगे 'संबोधित'

79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह अगस्तक ो दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। खबरों की मानें तो पीएम अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे तथा उनका पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। इस औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकेंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के विधेयक में मौजूदा विधानसभा को राज्य विधानसभा के तौर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा।



## बैटिंग मामले में सुरेश रैना से ईडी की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को प्रवर्तन निदेशालय आज पूछताछ कर रहा है। इससे पहले उसने समन जारी कर पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था। रैना का मामला बेटिंग ऐप 1× बैट से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ जांच में तेजी लाई है। ईडी का ध्यान प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1× बैट, फेयर प्ले, पैरीमैच, लोटस 365 के लिए फिल्मी हस्तियों और क्रिकेटरों की ओर से किए जा रहे विज्ञापनों पर भी है। इन प्लेटफॉर्म्स के लिए विज्ञापन के मामले में ईडी पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ ही सोनू सूद और उर्वशी रौतेला जैसी फिल्मी हस्तियों से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। रैना को को बेटिंग ऐप ने पिछले ही साल ब्रांड एंबेसडर बनाया था।

## आतंकियों की घुसपैठ नाकाम

**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास आज सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला हुआ है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था।

## शाह केस में एसआईटी की जांच रिपोर्ट पेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताने के मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी स्टेटस रिपोर्ट पेश कर रही है। पिछले महीने 28 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एसआईटी से 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इस मामले में कोर्ट 18 अगस्त को सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मंत्री शाह की माफी पर भी तल्ख टिप्पणी की थी। बेंच ने शाह द्वारा सार्वजनिक रूप से मांगी गई माफी को निष्ठाहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- वह आत्मचिंतन करें कि अपनी सजा कैसे चुकाएं। आपकी वह सार्वजनिक माफी कहां है? हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं।



## मानसून : नए सिस्टम की दस्तक से फिर भीगेगा मप्र

**भोपाल।** मप्र के अधिकांश जिलों में लंबी राहत के बाद मानसूनी बादल फिर सक्रिय हो रहे हैं। कल से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होने के आसार हैं। आज सीहोर, हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवा?ा, पांढुर्णा, सिवनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी है। अब तक मप्र में औसत 29.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे की 79 प्रतिशत है।.

## नशामुक्ति शपथ समारोह में मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज वचर्अली तीर्थ दर्शन योजना' अंतर्गत उज्जैन से अयोध्या के लिए ट्रेन का शुभारंभ किया। इसके बाद वे रविंद्र भवन में राज्य स्तरीय वृहत नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाएंगे। शाम को यादव इंदौर पहुंचकर 'विशाल तिरंगा यात्रा' में अगुवाई करेंगे।

### आज का कार्टून





**मेट्रो एंकर**

### भारतीय कारोबारी घरानों की टॉप टेन लिस्ट आई

# अंबानी फैमिली का दबदबा कायम, बिरला ने बजाज को पीछे छोड़ा

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय रईसों में मुकेश अंबानी का दबदबा बरकरार है। अंबानी परिवार ने मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में पहले पायदान पर लगातार दूसरी बार कब्जा जमा लिया है। हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस लिस्ट में अंबानी फैमिली बिजनेस को 28 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वैल्यू के साथ पहले नंबर पर रखा गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर बिरला फैमिली है। सूची अंबानी फैमिली बिजनेस को जो मूल्य है वह भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 12वां हिस्सा है। अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज न केवल एनर्जी सेक्टर में दिग्गज प्लेयर है, बल्कि रिटेल और डिजिटल सेवाओं में भी इसका दबदबा है। धीरूभाई अंबानी द्वारा 1957 में स्थापित, इस कंपनी का प्रबंधन अब दूसरी पीढ़ी द्वारा किया जाता है।गत वर्ष इसकी वैल्यू 309 बिलियन डॉलर (25.75 लाख करोड़ रुपये) आंकी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक केएम बिरला फैमिली 6.5 लाख करोड़ रुपये की वैल्यूएशन के साथ लिस्ट में बजाज फैमिली को पीछे छोड़ते हुए दूसरे पायदान पर पहुंची है। इस फैमिली के बिजनेस की वैल्यू में पिछले साल की तुलना में 1.1 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। जिंदल परिवार 5.7 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ तीसरे नंबर पर रहा। खास यह कि लिस्ट में रखे गए टॉप-3 फैमिली बिजनेस की कुल वैल्यू 40.4 लाख करोड़ रुपये है, जो लगभग फिलीपींस की जीडीपी के बराबर है। हालांकि पहली पीढ़ी के कारोबार कैटेगरी में अडाणी परिवार 14 लाख करोड़ रुपए के साथ टॉप पर है। टॉप टेन लिस्ट में शामिल बिजनेस घरानों में बड़ी छलांग लगाने वालों में वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल और उनका परिवार शामिल है, जिनकी कुल संपत्ति 2.6 लाख करोड़ रुपये आंकी गई और ये छह पायदान चढ़कर पहली बार टॉप-10 लिस्ट में शामिल हुए हैं। अन्य बड़े बिजनेस घरानों में संजीव बजाज के नेतृत्व वाली बजाज फैमिली 5.6 लाख करोड़ वैल्यू के साथ चौथे, महिंद्रा परिवार 5.4 लाख करोड़ मूल्यांकन के साथ पांचवे, शिव नादर फैमिली एचसीएल टेक 4.7 लाख करोड़ वैल्यू के साथ छठे, तो मुरुगप्पा परिवार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस के माध्यम से 2.9 लाख करोड़ रुपये के साथ सातवें नंबर पर रहा। विप्रो की प्रेमजी फैमिली 2.8 लाख करोड़ के साथ ये आठवें व अनिल अग्रवाल फैमिली नौवें और एशियन पेंट्स के को-फाउंडर्स दानी, चोकसी और वकील फैमिली 2.2 लाख करोड़ रुपये की वैल्यूएशन के साथ 10वें स्थान पर रही।



### किस आधार पर लिस्ट में मिलती है रैंकिंग

इस लिस्ट में बिजनेस फैमिली की रैंकिंग जारी करते हुए इनके व्यापारों के वैल्यू की पूरी जानकारी दी जाती है. यह लिस्ट भारत के सबसे वैल्यूवेबल बिजनेस को उनके कुल वैल्यू के आधार पर रैंक करती है. इसमें विशेष रूप से पारिवारिक स्वामित्व वाले व्यवसाय शामिल हैं, जहां संस्थापक परिवार का कोई वंशज व्यवसाय चलाने या बोर्ड सदस्य के रूप में योगदान देने में सक्रिय भूमिका निभाता है.



# बोट क्लब की रंगत बढ़ी

राजधानी में दो दिन से धूप व बादलों की लुकाछिपी तेज हो गई है बौछारे भी पड रहीहैं। आज से नया सिस्टम भी सक्रिय होने की अनुमान है। ऐसे में बोट क्लब के आसपास रंगत बढ़ गई है।

### खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय को मिलेगी नई पहचान

# लैब श्रृंखला के 3 हिस्से तैयार, नई दवाओं की होगी खोज व गुणवत्ता की जांच

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राजधानी के पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में छह हिस्सों में बनने वाली देश की पहली ऐसी लैब शृंखला तैयार हो रही है, जहां आयुर्वेदिक दवाओं पर वैज्ञानिक शोध किया जाएगा। यहां नई दवाओं की खोज, दवाओं की गुणवत्ता की जांच, औषधीय पौधों की उपयोगिता और बीमारियों की पहचान की जा सकेगी। अभी तक सेंट्रल रिसर्च लैब के तीन भाग तैयार हो चुके हैं। इनमें फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोग्नोसी और माइक्रोबायोलॉजी की लैब शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक अब यहां कॉलेज प्रबंधन से मंजूरी मिलने के बाद एनिमल हाउस का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां चूहों पर दवाओं के प्रभाव का परीक्षण किया जाएगा। इससे विभिन्न प्रकार के कैंसर पर अलग-अलग औषधियों के असर की जांच संभव होगी। सेंट्रल रिसर्च लैब के सह प्रभारी ने बताया कि





यहां यह जांच की जा सकेगी कि कौन सा औषधीय पौधा किस रोग पर कैसे असर करता है। दवाओं के साथ-साथ घी और शहद की भी जांच की सुविधा होगी। रिसर्च के अलावा औषधि निर्माता कंपनियां भी अपने सैंपल यहां टेस्ट करवा सकेंगी। फार्माकोग्नोसी लैब में औषधीय पौधों की पहचान और जांच की जाएगी। एक जैसे दिखने वाले पौधों में अंतर किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि किस पौधे में कौन सा औषधीय गुण है। उसका उपयोग किस बीमारी में किया जा सकता है। इसके लिए एडवांस माइक्रोस्कोप लगाए गए हैं, जिनसे पौधों के सेल का परीक्षण किया जाएगा। फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री लैब में दवाओं जैसे सीरप, चूर्ण और टेबलेट में मौजूद रासायनिक तत्वों की गुणवत्ता की जांच होगी। बताया जाएगा कि इसमें यह देखा जाएगा कि बाजार में उपलब्ध दवाएं तय मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। माइक्रोबायोलॉजी लैब में दवाओं के कॉम्बिनेशन से होने वाले फायदे और नुकसान की जांच की जाएगी। साथ ही औषधियों की एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल क्षमता का परीक्षण होगा। इससे यह पता चलेगा कि दवा कितने दिन तक और किस तापमान में सुरक्षित रहती है। इस मामले में पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला का कहना है कि कॉलेज में शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। हमने इसके लिए मेडिसिनल प्लांट्स पर 16 मोनोग्राम बनाए हैं। अब लैब की मदद से आयुर्वेद विधि के फायदों को प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया जा सकेगा।

## प्रदेश में पहली ऐसी लैब, जहां स्कूलों में कर सकेंगे विद्यार्थी इंजीनियरिंग

### राजधानी के एआई आधारित लैब की स्थापना वोकेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूट में होगी

**भोपाल।** विदेशों की तर्ज पर मध्यप्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थी अब इंजीनियरिंग भी कर सकेंगे। यह भोपाल में बनने वाली मेकाट्रॉनिक्स लैब से संभव होगा। यह प्रदेश की पहली लैब होगी। विदेश की तर्ज पर दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस और इलेक्ट्रॉनिक एकसाथ सिखाई जा सकेगी। राजधानी भोपाल के एआइ आधारित लैब की स्थापना वोकेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूट में होगी। लागत करीब दो करोड़ आएगी। स्कूली कोर्स में मशीनों को भी जोड़ा जा रहा है। बच्चों के स्किल डवलपमेंट पर फोकस रहेगा। जिम्मा एनसीईआरटी के वोकेशनल इंस्टीट्यूट के पास है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्किल डेवलपमेंट बढ़ाने सिलेबस तैयार किया है। इसके लिए संस्थान लैब शुरू करेगा। इसमें बच्चों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग से लेकर कम्प्यूटर साइंस तक की सीख दी जाएगी। पहली लैब श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय संस्थान में बनेगी। अधिकारियों ने बताया कि जापान सहित कई बड़े संस्थानों का सहयोग रहेगा। हाल ही में एक अनुबंध भी हो चुका है। स्कूल की चारदीवारी से निकलकर बच्चों को यहां सीखने का मौका मिलेगा। लैब की संख्या आगे बढ़ाई जाएगी। मेकाट्रॉनिक्स में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस और रोबोटिक्स जैसे कई क्षेत्र होते हैं। इससे कॅरियर बनाने में मदद मिलती है। जर्मनी, जापान की स्कूल शिक्षा में इसका चलन है। भारत में भी विस्तार हो रहा है।

# पत्रकारिता विवि में प्लेसमेंट अभियान, छात्रों को मिला काम

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

एशिया के प्रथम और भारत के सबसे बड़े माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में चले प्लेसमेंट अभियान में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों ने हिस्सा लिया। इस अभियान का समापन गत दिवस हुआ। इस दौरान कई न्यूज चैनल ने विद्यार्थियों को अपने संस्थानों में कार्य करने का अवसर प्रदान किया। यह पहल छात्रों के करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। विवि कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बल्कि बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट सेल की समन्वयक प्रो.कंचन भाटिया ने बताया कि आने वाले समय में भी विश्वविद्यालय में और अधिक प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी अपने पेशेवर सफर में आगे बढ़ते रहें। लाइटिंग एंड फैशन फोटोग्राफी वर्कशॉप~एमसीयू के सिनेमा स्टडीज विभाग द्वारा एमएससी फिल्म प्रोडक्शन एवं बीएससी एफसीएस के विद्यार्थियों के लिए लता मंगेशकर सभागार में लाइटिंग एंड फैशन फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसमें बतौर विशेषज्ञ इंटरनेशनल सेंटर ऑफ फोटोग्राफी, न्यूयार्क से ग्रेजुएट और चर्चित युवा फोटोग्राफर कुणाल गुप्ता थे। बीएमडब्ल्यू, फ्लिपकार्ट,टाटा और फॉक्सवेगन जैसे महत्वपूर्ण ब्रांड्स के लिए एडवरटाइजिंग एंड प्रोडक्ट फोटोग्राफी कर चुके गुप्ता ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी और लाइटिंग से जुड़े बुनियादी विषयों से लेकर एडवांस और स्पेशलाइज्ड तकनीक पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। विद्यार्थियों द्वारा फोटोग्राफी से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए।

## नवयुवक सभा द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव, सजेगी चलित झांकी

**हिरदाराम नगर, दोहपर मेट्रो.** नवयुवक सभा द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, 16 अगस्त इस बार नवयुवक सभा भवन की जगह डीडी प्ले स्कूल वन ट्री हिल्स पर आयोजन होगा। शाम सात बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर मनमोहक झांकी एवं आकर्षक रंगोली का अनावरण और पूजा-पाठ, महाआरती होगी। 17 अगस्त को शाम सात बजे से रात 11 बजे तक झांकी दर्शनार्थ खुली रहेगी। तैयारियों को लेकर सभा के पदाधिकारियों ने झांकी स्थल का निरीक्षण किया।

## ऑपरेशन सिंदूर लिखित मानव श्रृंखला बनाई गई



**हिरदाराम नगर.** गुरुनानक मंडल ने ईदगाह स्थित कैंब्रिज स्कूल में एक मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में सेना के जज्बे को सलाम किया गया। इस अवसर पर, अध्यक्ष राकेश कुकरेजा और विद्यालय समिति अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल सहित शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया। यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन करने और देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया हम आज यहां ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का समर्थन करने और देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुए है। विधालय समिति अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल ने कहा हमारी सेना के शौर्य को सलाम करना और हमारी आन बान शान तिरंगे को लगाना हमारा फर्ज है।

## मुकेश की पुण्यतिथि होगा कार्यक्रम

**भोपाल।** कायस्थम मध्यप्रदेश आगामी रविवार 17 अगस्त को श्यामला हिल स्थित स्टेट म्यूजियम के सभागार में प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व.मुकेश चंद्र माथुर की 49 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर फिल्मी गीतों का कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन' आयोजित करेगा। अपराह्न 3.30 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के उभरते हुए लगभग 30 गायक बारिश, सावन एवं स्व. मुकेश के और अन्य लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। स्व. मुकेश की नजदीकी रिश्तेदार उनकी मौसी मीनाक्षी माथुर और उनके पति एमपी माथुर व भजन गायक रवि खरे अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में एक्टर सुनील शेट्टी होंगे शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। इसमें तय हुआ कि 23 अगस्त को करोंद चौराहा पर प्रदेश की सबसे बड़ी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्नीस वर्ष से जारी इस आयोजन में पहले भी कई फिल्मी कलाकार पहुंचते रहे हैं। पचौरी ने बताया कि करोंद में होने वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इस बार प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार सुनील शेट्टी एवं इंडियन आयडल गायक सवाई भट्ट शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान समिति बाल विवाह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ सहित अन्य विषयों के साथ समाज के बीच नई पीढ़ी को सकारात्मक संदेश भी देगी।

## तीजड़ी पर्व, पति की लंबी आयु की कामना

**हिरदाराम नगर.** सिंधी समाज की महिलाओं ने मंगलवार को तीज का पर्व तीजड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिलाओं ने एक दिन पूर्व अपने हाथों में मेहंदी लगाई और तीजड़ी के दिन सुबह से निर्जला उपवास किया। सोलह श्रंगार करने के बाद महिलाएं मंदिर पहुंची जहां पर तीजरी माता को गोदी में लेकर झूला झूलाया और तीज माता से अपने घर परिवार के लिए एवं पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने बताया कि इस दिन अनाज से बोई हुई तीजड़ी माता को गोद में लेकर मीठा जल डालकर झूलाया जाता है और पति की लम्बी आयु की कामना की जाती है।



महिलाओं ने बताया कि यह पर्व रक्षाबंधन की तीसरे दिन खासकर सिंधी समाज की महिला यह उपवास रखती है। इसे कुंवारी युवतियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए रखती है। शाम को तीजरी माता की कथा सुनकर रात्रि में चंद्रमा को अर्घ देकर उपवास खोलती है यह व्रत करवा चौथ की तरह होता है संत नगर मंदिर और दरबार में तीजरी माता की पूजा की गई।

**मेट्रो एंकर** | नवनिध में नई छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

# 'हर जिम्मेदारी को आत्मविश्वास के साथ निभाएगी छात्र परिषद'

**हिरदाराम नगर। दोहपर मेट्रो**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ जी ने कहा कि यह नया नेतृत्व स्कूल को शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने छात्राओं को अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने और हर जिम्मेदारी को आत्मविश्वास के साथ निभाने की सलाह दी। उन्होंने व्यवस्थित अध्ययन के लिए समय-सारिणी और नोट्स बनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार अवस्थी कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा भाव से आता है। उन्होंने छात्राओं को उनके पद की जिम्मेदारी का एहसास दिलाया और कहा कि सफलता के लिए कर्तव्य, संकल्प, अनुशासन और समर्पण जरूरी हैं। अवस्थी जी ने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने, माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने और चुनौतियों का डटकर सामना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, इसलिए सभी को जागरूक रहकर जानकारी लेनी चाहिए।





**शपथ और पदभार ग्रहण :** विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने सभी सदस्यों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई छात्र परिषद दूसरों के लिए एक आदर्श स्थापित करेगी। छइसके बाद, स्कूल कैप्टन रोशनी असवानी और वाइस कैप्टन मान्या मोरंदानी को विद्यालय का ध्वज सौंपा गया। चारों सदनों साधु वासवानी, डॉ. राधाकृष्णन, स्वामी दयानंद और स्वामी हीरानंद ङ्क के कैप्टन और वाइस कैप्टन को भी सदन के ध्वज प्रदान किए गए।

**छात्र परिषद में शामिल :** नई छात्र परिषद में विभिन्न पदों पर रोशनी असवानी (स्कूल कैप्टन), मान्या मोरंदानी (वाइस कैप्टन), और अन्य सदस्य नियुक्त किए गए हैं, जिसमें निष्ठा जैन, कंगना पंजवानी, हर्षिता तुली और विधिका पौराणिक जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूल में अनुशासन बनाए रखने के लिए 25 छात्राओं की एक अनुशासन समिति भी गठित की गई है।

## लाइब्रेरिन डे मनाया

नवनिध स्कूल में लाइब्रेरियन डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कहानी सुनाने, बुकमार्क बनाने और ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में पुस्तकों को ज्ञान व सफलता का स्रोत बताते हुए पठन संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। प्राचार्या अमृता मोटवानी और लाइब्रेरियन काजल आसुदानी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से लाइब्रेरी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



## विश्व धरोहर भोजपुर मंदिर से दिया देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान उत्साहपूर्वक जारी है। इसी क्रम में, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की अस्थायी सूची में शामिल भोजपुर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया। मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड शिवशेखर शुक्ला के निर्देशन में किया गया। इस अभियान में भोपाल के विभिन्न कॉलेजों के 100 से अधिक विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### 23 दल चुनाव आयोग की रडार पर, 15 पहले आ चुके हैं चपेट में

# चुनाव से दूर रहे राजनीतिक दलों की मान्यता पर लटकी तलवार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र में अब रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त 23 और ऐसे %कथित% राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन पर तलवार लटक गई है। मप्र में रजिस्टर्ड 15 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन चुनाव आयोग ने तीन दिन पहले ही खत्म कर दिया था। अब केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी 23 दलों को नोटिस जारी करने वाले हैं। बताया जाता है कि यह वे दल हैं जिन्होंने पिछले 6 साल से, यानी 2019 के बाद, प्रदेश में कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है।**



**चुनाव मैदान में नजर नहीं आते दल**

उल्लेखनीय है कि अन्य राज्यों की तरह मप्र में भी कई राजनीतिक दलों के पोस्टर या दफ्तर नजर आ जाते हैं। यह दल चुनाव मैदान में नजर नहीं आते। लिहाजा अब इन दलों को स्पष्ट करना होगा कि आखिर उन्होंने कोई चुनाव क्यों नहीं लड़ा। नोटिस जारी होने के 15 दिन के भीतर इन दलों को भोपाल स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को बताना होगा कि आखिर राजनीतिक दल के रूप में उन्हें आयोग की सूची में रखा जाए। जवाब नहीं देने या असंतोषजनक जवाब की स्थिति में इन्हें राजनीतिक दल की सूची से डी-लिस्ट कर दिया जाएगा।

#### केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने दिए हैं जांच के आदेश

दरअसल, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने देशभर में ऐसे 476 गैर-मान्यता प्राप्त बोगस दलों को लेकर संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। इन्हीं में 23 दल मप्र के हैं। जबकि सर्वाधिक 121 यूपी, 44 महाराष्ट्र, 42 तमिलनाडु और 41 दिल्ली के हैं। बोगस दलों के मामले में मप्र देश में चौथे पायदान पर है। देशभर में गैर-मान्यता प्राप्त कुल राजनीतिक दलों की संख्या 2854 थी, जिसमें से 334 की छंटनी के बाद अब इनकी संख्या 2520 रह गई है। इनमें से अभी 476 और हटाए जा सकते हैं।

**मप्र में अब तक डी-लिस्ट दल**

अंजुमन पार्टी उज्जैन, भारतीय जयभीम पार्टी जबलपुर, भारतीय ग्रामीण समाज पार्टी मुरैना, भारतीय जन लोक पार्टी झाबुआ, भारतीय सत्य संघर्ष पार्टी मंडला, गोंडवाना कांग्रेस पार्टी भोपाल, गोंडवाना मुक्ति सेना भोपाल, जय मानवता पार्टी भोपाल, जनता विकास पार्टी विदिशा, जन न्याय दल सागर, किसान मजदूर प्रजा पार्टी भोपाल, क्रांतिकारी किसान सेना भोपाल, लोकतांत्रिक सरकार पार्टी मुरैना, राष्ट्रीय वाहिनी पार्टी इंदौर, सवर्ण समाज पार्टी रीवा।

### अब संभाग स्तर पर स्थापित होंगे क्रिस्प

# क्रिस्प का तीन विश्वविद्यालयों के साथ हुआ एमओयू साइन



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि क्रिस्प प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के उद्योगों में रोजगार की मांग का आकलन कर उसके अनुसार कौशल विकास के कार्यक्रम डिजाइन करे। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप स्थानीय विद्यार्थियों का कौशल विकास करें, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोज़गार प्राप्त हो सकें। पटेल यहां क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्रिस्प के 29 वें स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री . मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में सक्षम योजना के तहत महिला प्रशिक्षार्थियों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए।

#### रोजगार बढ़ाने में फोरलेन मॉडल की होगी बड़ी भूमिका

राज्यपाल पटेल ने कहा कि भारत में रोज़गार अवसरों को बढ़ाने के लिए फोरलेन मॉडल कारगर भूमिका निभा सकता है। इसमें विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, उद्यमिता और सहकारिता शामिल हैं। ऐसा देखा गया है जब देश में सहकारिता आधारित उद्योग सक्रिय होते हैं तो देश में सामाजिक समरसता को भी गतिशीलता मिलती है। मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के केन्द्रों का विस्तार संभाग स्तर तक किया जाएगा। प्रदेश में औद्योगिक और निवेश गतिविधियों के विस्तार के परिणाम स्वरूप कुशल श्रमिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में कौशल उन्नयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रिस्प के केन्द्रों की संभाग स्तर पर स्थापना से प्रदेश के युवाओं को लाभ होगा।

### हर घर स्वच्छता' अभियान, अभियान के संबंध में दिए निर्देश

# स्कूलों में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

प्रदेश के स्कूलों में देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान मनाया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए हैं।

यह अभियान प्रदेश के स्कूलों में 3 चरणों में संपन्न हो रहा है। अभियान का तीसरा चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त तक होगा। निर्देशों में कहा गया है कि विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड भी किया जाये। लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि जिलों में स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के नेतृत्व में तिरंगे के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। बच्चों को



राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जानकारी दी जाये। स्कूलों में एनसीसी और एनएसएस यूनिट के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाये। तिरंगा पर केन्द्रित बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाये। राष्ट्रीय ध्वज एवं इसके इतिहास पर स्कूलों में व्याख्यान के विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि स्कूलों में होने वाली तिरंगा रैलियों में बच्चों के साथ अधिक से अधिक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये।


# मंत्री ने खोली राहुल की पोल: नरोत्तम

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कर्नाटक में वोट चोरी के आरोप लगाने वाले राहुल गांधी को उनकी ही सरकार के मंत्री ने



कटघरे में खड़ा कर दिया है। मिश्रा ने कहा कि राहुल जिस कर्नाटक में वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, वहां सरकार कांग्रेस की है, अधिकारी उन्हीं के अधीन हैं, ऐसे में चुनाव आयोग पर आरोप लगाना जनता को गुमराह करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री एन. राजन्ना ने खुद खुलासा किया कि राहुल गांधी के आरोप सत्य नही हैं। इसके बाद राहुल गांधी ने मंत्री को पद से हटा दिया। मिश्रा ने कहा संविधान और लोकतंत्र बचाने का ढोंग करने वाले राहुल, कभी इस किताब को पढ़ भी लीजिए। देश में भ्रम फैलाने की राजनीति कब तक करेंगे?




**मेट्रो एंकर**

### अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण के साथ होगा विशेष आयोजन

# एक सरोवर, एक संकल्प- जल संरक्षण थीम पर मनाया जाएगा आजादी का पर्व

भोपाल, दोहपर मेट्रो

15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश भर में विशेष आयोजन किए जाएंगे। केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार ÷एक सरोवर, एक संकल्प-जल संरक्षण÷ की थीम पर आजादी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। साथ ही ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी होगा। केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर मध्य प्रदेश रोजगार गारंटी परिषद् ने प्रदेश के समस्त जिलों को निर्देश जारी किए हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को पर्यावरण एवं



जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। अमृत सरोवर स्थलों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उनके परिवार के सदस्य अथवा स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेता द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इनकी अनुपस्थिति में संबंधित ग्राम पंचायत के सबसे वरिष्ठ नागरिक से ध्वजारोहण कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों, खिलाड़ियों, स्व-सहायता समूह, युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों की सहभागिता से ध्वजारोहण किया जाएगा।

#### कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें तिरंगा यात्रा, पौधारोपण, हैरिटेज वॉक, सेल्फी प्वाइंट, ड्रोन/लाइट-साउंड शो, जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर निबंध-लेखन एवं कविता प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान, चित्रकला और कहानी कार्यक्रम शामिल हैं। हैरिटेज वॉक में अमृत सरोवरों के ऐतिहासिक महत्व को बताया जाएगा।

## संपादकीय

# ऐसा ही जवाब जरूरी है

भारत बीते लगभग दो महीने से पाकिस्तान के साथ सीजफायर और अमेरिका के टैरिफ को लेकर अपनी प्रतिक्रियाओं में नरमी बरतता आ रहा है। जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के तेवर आक्रामक हैं और काफी हद तक उकसाऊ भी हैं। उनके दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक ही रखी गई। इसीलिए अब हाल का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है। हालांकि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह जवाब बहुत स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। दरअसल भारत के साथ अब तक अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को %डेड% बता दिया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए अब कहा- कुछ %बॉस% भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि जब राजनाथ ने यह बात कहीं, तब उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की तथा कहा कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 फीसदी पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब तीन फीसद है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले पांच साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे अमेरिका की आर्थिक विकास दर पर बहुत बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ट्रंप को अब तक समझ आ गया होगा कि भारत के साथ मनमाना व्यवहार नहीं चल सकेगा। भारत ने भी अपने नए पार्टनर तलाश कर लिए हैं। भारत के प्रधानमंत्री की चीन और जापान यात्रा अहम संकेत है। इसके अलावा देश में सरकार की तरफ से स्वदेशी के प्रति भावना को मजबूत करने की जो मुहिम नए रूप और नए संदर्भों में शुरू हुई है, वह भी घरेलू उत्पाद और खरीद को बढावा देगी तथा अमेरिका जैसे देशों के टैरिफ या मनमानी की जवाब भी होगी। आश्चर्य की बात है कि दोस्ती का दम भरते हुए अमेरिका ने भारत के प्रति जो रवैया रखा है वह उसे खुद अविश्वसनीय बना रहा है। वह भारत व रूस के प्रति तो सख्ती दिखा रहा है लेकिन चीन के प्रति अपेक्षाकृत नरम है। बहरहाल, इस पूरे प्रसंग में भारत की कूटनीति पर भी सियासी तौर पर तथा कुछ चिंतकों ने भी परेशानी की बात कही है, लेकिन यह भी संभव है कि अब नए समीकरण बनें जो भारत के लिये ज्यादा उपयोगी हों तथा पुराने समीकरण ज्यादा मजबूत हो जाएं।

*अपनी एक मूर्ति बनाता हूँ और ढहाता हूँ और आप कहते है कि कविता की है।*

*- रघुवीर सहाय*

## निशाना

### भूल गया पिटाई !



- कृष्णेन्द्र राय

घर में नहीं दाने ।  
फिर भी धमकी जारी ।।  
लगता खत्म होने की ।  
पाक की तैयारी ।।  
भूल गया पिटाई ।  
दण्ड अभी है बाकी ।।  
लगता जो कुछ भुगता ।  
है अभी नाकाफी ।।  
उगल रहा है जहर ।  
सबक फिर सिखाना ।।  
और किसी के शह पे ।  
गा रहा वो गाना ।।  
पाक का हर एक इंच ।  
जद में अपने आता ।।  
सुधरा ना यदि जल्द तो ।  
मालिक फिर विधाता ।।

## आज का इतिहास

- 1784 - भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश हुआ।
- 1892 - अमेरिकी समाचार पत्र 'एफ्रो-अमेरिकन' का बाल्टीमोर से प्रकाशन शुरू हुआ।
- 1902 - इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की।
- 1913 - इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली, शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
- 1951 - भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी।
- 1956 - राष्ट्रीय राजमार्ग लोकसभा में विधेयक पारित हुआ।
- 1977 - अंतरिक्ष शटल के पहले ग्लाइड का परीक्षण किया गया।
- 1993 -वाशिंगटन में इजरायल एवं फिलिस्तीन के बीच शांति समझौता सम्पन्न। थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में होटल ढह जाने से 114 लोग गए।
- 1994 - सं.रा. अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति।
- 1999 - लेखिका तसलीमा नसरीन की नई पुस्तक 'आमार मएबेला' (मेरा बचपन) पर बांग्लादेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया, स्टेफ़ी ग्राफ़ ने टेनिस से सन्यास लिया।
- 2000 - रोनाल्ड वेनेशिअन सूरीनाम के नये राष्ट्रपति नियुक्त।
- 2002 - इंटरपोल ने नेपाल के 8 माओवादी आतंकवादियों की तलाश के लिए 'रेड कार्नर' नोटिस जारी किया।

# घरेलू मांग की मजबूती से होगा मुकाबला

■ डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रकाशित मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर घटकर 6 फीसदी तक सिमट सकती है। हकीकत है कि मजबूत घरेलू मांग और सेवा क्षेत्र की ताकत के दम पर भारत अमेरिकी टैरिफ के दबाव को झेल लेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू वृद्धि को सहारा देने के लिए नीतिगत समर्थन बढ़ाया जाना जरूरी होगा। वस्तुतः वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को कुल 86.5 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जो जीडीपी का 2.2 फीसदी है। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारत के वस्तु निर्यात में करीब 30 अरब डॉलर की कमी आने की आशंका रहेगी। ऐसे में अमेरिका को निर्यात बाधित होने से भारत के द्वारा निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए जहां घरेलू खपत बढ़ाने पर जोर देना होगा, वहीं निर्यात के नए बाजार तलाशने की रणनीति पर भी आगे बढ़ना होगा।

हाल ही में आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह भी कहा गया है कि भारत की विकास दर वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर से दो गुना से भी अधिक रहने का अनुमान है। इसी तरह दुनिया की प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत में घरेलू खपत में सुधार, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बेहतर मानसून, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, महंगाई में कमी, सस्ते कर्ज और अन्य सेक्टरों में सकारात्मक संकेतों के चलते इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 6.4 प्रतिशत के स्तर पर होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री ने लोकसभा में कहा कि वैश्विक संस्थाएं भारत को ग्लोबल इकोनॉमी का उज्ज्वल केंद्र मानती हैं। अमेरिका द्वारा जो टैरिफ लगाए गए हैं, उनके मद्देनजर सरकार किसान, निर्यातकों और उद्योगों के हितों की रक्षा करेगी। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में तेज विकास के लिए आर्थिक, वित्तीय, श्रम और कृषि सुधारों को तेजी से लागू करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ना भी जरूरी है।गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई घटने से भी घरेलू बाजार में खपत को बढ़ावा मिल रहा है। सस्ते कर्ज से उद्योग-कारोबार में भारी उत्साह है। कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, मानसून की अच्छी प्रगति, पर्याप्त जलाशय स्तर और मजबूत खरीफ बुवाई का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण सेवा



क्षेत्र की ऊंचाइयां ऐसी शक्तियां हैं, जो दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत में खुदरा महंगाई दर जून, 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। जहां महंगाई में तेज गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है, वहीं भारत में सस्ते कर्ज से भी घरेलू उपचार में खपत और आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। विगत 6 जून को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमतापूर्ण समीकरण स्थापित किया है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी अर्थव्यवस्था की गतिशीलता और घरेलू खपत बढ़ने के मद्देनजर सुकूनदेह हैं। केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा 2024-25 फसल वर्ष के लिए जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इस समय वैश्विक व्यापार और वैश्विक निर्यात में कमी आ रही है, तब भारत के द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दम पर भारत के निर्यात और निवेश बढ़ रहे है।

निश्चित रूप से भारत के मुक्त व्यापार समझौते भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति को नया रूप देते दिखाई दे रहे हैं। भारत द्वारा यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि हाल ही में 10 जुलाई को भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्तूबर, 2025 से लागू हो जाएगा। इन सबके साथ-साथ इन दिनों भारत-आसियान के बीच मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है। आसियान में ब्रनोई, कंबोडिया, इंडोनेशिया लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत द्वारा यूरोपीय आयोग, ओमान, कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इस्राइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया के जीवंत आर्थिक क्षेत्र से फिर से जुड़ना होगा। इन सबके साथ-साथ भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा।

**साभार:** लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

■ ललित गर्ग




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दर्शाता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है।

भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है- सरकार, नीति-निर्माताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है।

निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी। शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है।

नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे निःशुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए। नीति-स्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए। यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो।

शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा ÷सेवा और संस्कार÷ के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं, और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है। डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निर्माता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है। इसी सोच के तहत भागवत का यह आह्वान है कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मुनाफाखोरी के पंजे से मुक्त कर, इन्हें सेवा के आदर्श पर स्थापित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न हो और कोई भी रोगी आर्थिक बोझ के कारण इलाज से दूर न रहे। सरस्वती के मंदिर एवं सेवा के आश्रय-स्थल आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं, ये मिशन नहीं, व्यवसाय बन गये हैं। पिछले दिनों इससे जुड़ा जनाक्रोश तब चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण एवं बाजारीकरण को भी रेखांकित करते हैं। ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा को लेकर नीतिगत कठोर मानवतापूर्ण बदलाव करें एवं इन्हें मुनाफा कमाने की मशीन न बनने दे। निस्संदेह, भागवत के संदेश पर मोदी सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बाजार की वस्तु के बजाय नागरिक अधिकारों के दायरे में लाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों को राजस्व स्रोत के बजाय नागरिक दायित्वों के रूप में मानकर सरकार समता, संतुलन एवं सेवा का समाज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

*-यह लेखक के अपने विचार हैं।*

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुतला जलाने पर पुलिस से झड़प

**वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंचल के विभिन्न नगरों में विरोध प्रदर्शन किया। कुछ स्थानों पर उनकी पुलिस से झड़प भी हुई।**

ओबेदुल्लागंज / गंजबासोदा /सागर

ओबेदुल्लागंज में सीताराम चौराहे पर एकत्र कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने फायर केनन का इस्तेमाल कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्का-मुक्की व झड़प भी हुई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने पुतला जलने नहीं दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर केंद्र सरकार कार्रवाई से बच रही है, केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्यारी है और सत्ता में बैठे हुए लोग वोट चोरी कर के बैठे हैं। जब तक हमारे नेता राहुल गांधी को चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट का डाटा नहीं देते तब तक यह विरोध प्रदर्शन पूरे देश में गांव-गांव तक जारी रहेगा।

## विपक्ष को आवाज उठाने पर गिरफ्तार करना केंद्र की तानाशाही: पचौरी

सागर में वोटर वेरीफिकेशन जिला शहर कांग्रेस ने बस स्टैंड स्थित दीनदयाल चौराहा पर विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला दहन करने की कोशिश की। इस इस दौरान पुतले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच छीना झपटी भी हुई। पुलिस ने वॉटर केनन से बौछार की। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने पर गिरफ़्तार करना केंद्र सरकार की हिटलर शाही और तानाशाही को दर्शाता है। भाजपा की सरकार वोट चोरी करती है। प्रदर्शन में पं मुन्ना चौबे, सुनील जैन पूर्व विधायक,अमित दुबे राम जी, मुकुल पुरोहित, आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, बाबू यादव,चक्रेश सिंघई,पप्पू गुप्ता, मुन्ना यादव,अवधेश तोमर,सिन्टू कटारे, कमलेश तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गंजबासौदा के जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन



कांग्रेस ने जयस्तंभ चौक पर पुतला दहन किया। जैसे ही कांग्रेसियों ने पुतले को आग लगानी चाही फायर बिग्रेड से पानी की बौछार शुरू कर दी। प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी एवं 300 सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस द्वारा जन आंदोलन कर स्थानीय जय स्तंभ चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्प्रकाश सेन, सुनील बाबू, रवि तिवारी, पंकज एलिया, जगदीश व्यास, राजकुमार सेन, कल्याण सिंह नागौरी, जगदीश सुहाने, चंद्रप्रताप रघुवंशी, मणिभाई अहिरवार, पृथ्वी रघुवंशी, साबिर मियां, संतोष अहिरवार, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### राजगढ़ जिले के सुठालिया का मामला: जांच के आदेश, कलेक्टर को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

# पीएमश्री स्कूल के छात्रों का क्लास में पोर्न देखते वीडियो वायरल, प्रिंसिपल बोले - मामला पुराना , तब मैं टीचर था

एजेंसी , राजगढ़।

राजगढ़ जिले में एक सरकारी स्कूल में एलईडी पर अश्लील (पोर्न) फिल्म चलने का मामला सामने आया है। मामला पीएमश्री बालक शासकीय उमावि सुठालिया का है, जहां क्लास में लगी एलईडी पर पोर्न चलाई गई। जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के लोगों ने इस पर विरोध जताया। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंचा। जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने ब्यावरा विकासखंड अधिकारी दिलीप शर्मा को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल, सुठालिया के पीएमश्री स्कूल में विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए स्मार्ट क्लास बनी हुई है, जहां एलईडी लगी है, ताकि शैक्षणिक जानकारियां उन्हें उसके जरिए प्रदान की जा सके। लेकिन यहां पर एलईडी पर उस समय पोर्न चल गई, जब कक्षा में विद्यार्थी बैठकर अध्ययन कर रहे थे। बताया जा रहा है कि क्लास में पढाई के दौरान ही कुछ छात्रों ने एलईडी स्क्रीन पर पोर्न फिल्म चला दी। इस दौरान कुछ विद्यार्थी कुर्सियों पर बैठकर फिल्म देख रहे थे। उनमें से ही एक छात्र ने इसका वीडियो बना लिया, जो बाद में अब वायरल हो गया। वीडियो में नजर आ रहा है कि क्लास रूम में बनाए गए एक वीडियो में छात्रों की पढ़ाई के लिए लगी एलईडी टीवी स्क्रीन पर अश्लील फिल्म चल रही है। स्क्रीन के पास एक विद्यार्थी खड़ा है व करीब दर्जनभर कुर्सियों पर बैठे हैं। यह कक्षा 12वीं के बच्चों की क्लास बताई जा रही है, जो अब पास आउट हो चुके हैं।




पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। अभिभावकों का कहना है कि उस समय जिम्मेदार स्टाफ कहां था। बच्चों को अध्ययन के लिए भेजते हैं वहां यह होगा तो फिर कैसे काम चलेगा। इसमें जो जिम्मेदार हो उनकी जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करना चाहिए।

पीएम श्री स्कूल प्राचार्य हेमंत यादव ने कहा कि बृजमोहन सूर्यवंशी नाम शख्स का मेरे पास दो-तीन बार फोन आया। उसने शाम को मिलने बुलाया और वो वीडियो बताया। मैंने कहा कि इसका कोई मतलब नहीं है मेरे कार्यकाल से। वीडियो में जो बच्चे दिख रहे हैं वो पुराने सत्र के हैं। उसने मेरे से 50 हजार रुपये की मांग की। मैंने उसकी बात नहीं मानी। पुलिस थाने जाने वाला था उससे पहले उसने वीडियो वायरल कर दिया। ये वीडियो 8 से 10 महीने पुराना है। मैं 12 मई को प्राचार्य बना हूं। पहले शिक्षक था।

### वीडियो में बच्चे स्वेटर पहने नजर आ रहे हैं

मामला सामने आने के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने डीईओ भिलाला को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके बाद डीईओ व ब्यावरा बीईओ दिलीप शर्मा सुठालिया संबंधित स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने मौके पर प्राचार्य हेमंत यादव व कुछ अन्य शिक्षकों के बयान लिए हैं। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। इसके बाद जो दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर जांच अधिकारी बीईओ दिलीप शर्मा का कहना है कि हमने जांच शुरू की है। वीडियो में बच्चे स्वेटर पहने नजर आ रहे हैं।उससे लग रहा है कि यह वीडियो सर्दी के समय का है। साथ ही उस समय जो प्राचार्य थे अशोक गुप्ता व रिटायर्ड हो गए, जबकि क्लास टीचर का ट्रांसफर हो गया। फिर भी सभी बिंदुओं पर हम जांच कर रहे हैं।

### किन्नर समाज का भुजरिया जुलूस

# देखने उमड़ी भारी भीड़ से शहर में हुआ ट्रैफिक जाम



सिरोंज। दोपहर मेट्रो

किन्नरों के भुजरिया जुलूस के कारण शहर का काफी हिस्सा जाम रहा। किन्नर समुदाय द्वारा हर साल रक्षाबंधन के बाद भादौ की तीज पर भुजरियों का जुलूस निकाला जाता है। जिसकी तैयारियां किन्नर समुदाय द्वारा काफी पहले से की जाती है। जितनी तैयारियां किन्नरों द्वारा की जाती है, उतना ही उत्साह शहर के लोगों में इस जुलूस को देखने लिए दिखाई देता है। इस बार भी ऐसा ही उत्साह दिखाई दिया। दोपहर में जब छतरी नाका चौराहा से ये जुलूस शुरू हुआ तो चौराहे पर सैकड़ों लोग जुट गए थे। इसके बाद जैस-जैसे ये जुलूस आगे बढ़ा लोगों की भीड़ भी बढ़ने लगी। हालात ऐसे बने कि जिस इलाके ये जुलूस निकला वहां पर 15 से 20 मिनट तक जाम के हालात बने रहे। मुख्य बाजार में यह समय और अधिक बढ़ता रहा। मुख्य बाजार में जाम से बचने के लिए लोगों ने गलियों का सहारा ले लिया लेकिन इस मार्ग पर यात्री बसों और अन्य चार पहिया वाहनों को जाम खत्म होने का इंतजार ही करना पड़ा। इस जुलूस का समापन शाम करीब 6 बजे मंशापूरन हनुमान मंदिर पर हुआ। यहां पर किन्नरों द्वारा भुजरियों की पूजा अर्चना भी की गई। भुजरियों के इस जुलूस में सिरोंज के साथ ही आसपास के शहरों किन्नर भी शामिल होने आए थे। इनमें भोपाल, विदिशा, गुना, जबलपुर सहित अन्य शहरों के किन्नर शामिल थे। कई किन्नर फिल्मी तर्ज पर भड़कीली ड्रेस पहनकर आए थे तो कई ने ज्वेलरी भी पहन रखी थी।

# बंदूक के साथ विज्ञान बना युद्ध का प्रभावी हथियार - डॉ. सीतासरन

**ऑपरेशन सिंदूर पर राजेश पाराशर ने लगाई प्रदर्शनी**

इटारसी। दोपहर मेट्रो

शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें राफेल, एल- 70 एयर डिफेंस सिस्टम, जू-23 मिमी गन् शिल्का गन, एस -400 सुदर्शन वायु रक्षा प्रणाली के चलित मॉडल दिखाए गए। पाकिस्तानी ड्रोन को नष्ट करते हुये विद्यार्थी उत्साह के साथ भारतीय सेना के प्रति अपने आदर को व्यक्त कर रहे थे ।यह सब जय जवान, जय विज्ञान प्रदर्शनी मे प्रयोगों के माध्यम से दिखाया गया। प्रदर्शनी का उदघाटन विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने युद्ध लड़ने के तरीके को बदल दिया है। जय जवान के बाद जय विज्ञान का नारा, आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से युद्ध कौशल में आये बदलाव को बता रहा है।

विशिष्ट अतिथि इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रक्षा क्षेत्र में रिसर्च के माध्यम से




अब सीमित हथियारों से भी बढ़त हासिल की जा सकती है। अतिथि के रूप मे उपस्थित राकेश जाधव, जयकिशोर चौधरी , राहुल चौरे , नीलेश जैन तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।


कार्यक्रम के आयोजक राजेश पाराशर ने कहा कि वर्तमान में युद्ध में ड्रोन को एक महत्वपूर्ण हथियार बना दिया गया है। ड्रोन युद्ध ने साबित कर दिया है कि लड़ाई हवा में होने का समय आ गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पात्र बनी मनस्वी मिश्रा तथा अंशिका पांडे ने ऑपरेशन सिंदूर मे सेना के कार्यक्रम की जानकारी दी । ये रेनबो पब्लिक स्कूल की विद्यार्थी हैं । एम एस नरवरिया ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों में सैन्य विज्ञान के महत्व को बताने किया गया ।

### शिक्षिका हत्याकांड

## पुलिस को मिले सुराग, जल्द हो सकता है खुलासा

सिरोंज। दोपहर मेट्रो

शासकीय शिक्षिका मिनशु हत्याकांड में पुलिस को अहम सुराग मिलने की जानकारी चर्चा में है। 7 अगस्त को शहर की सारथी सिटी 2 कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली शासकीय शिक्षिका मिनशु राजपूत का शव घर में ही मिला था। उसके



गले में निशान दिखाई दे रहे थे और मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर एसपी सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे लेकिन 5 दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई महत्वपूर्ण सूत्र नहीं लग सके थे। पुलिस ने मृतका मिनशु के पति अमरदीप राजपूत के साथ ही अनेक संदिग्धों से पूछताछ भी की। मंगलवार सुबह से ही शहर में पुलिस को अहम सुराग मिलने की जानकारी चर्चा में आ गई। इस बीच इसी मामले से जुड़े दो युवाओं से भी पुलिस द्वारा पूछताछ की बात सामने आई। शाम को मृतका के मायके पक्ष के लोग भी थाने में पहुंचे। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने किसी तरह का खुलासा नहीं किया। एसडीओपी सोनू डाबर ने बताया कि मामले में संदिग्धों से पूछताछ लगातार चल रही है। जल्द ही खुलासा होगा।

**मेट्रो एंकर** भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड लगा रहा है ट्रेनों के कोच बनाने का कारखाना

# कोच फैक्ट्री के पास सरकारी स्कूल की दशा बदलेगा कंपनी का महिला फाउंडेशन, छह महीने का टारगेट

अमित श्रीवास्तव।ओबेदुल्लागंज

भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के महिला कल्याण फाउंडेशन ने रायसेन जिले के उमरिया में एक मिडिल स्कूल को गोद लिया है। यह स्कूल उसी साइट के पास है जहाँ कंपनी रेल कोच फैक्ट्री लगा रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उमरिया में गाठ दिनों इस इकाई का भूमिपूजन किया था। स्कूल को गोद लेमे की घोषणा के बाद कंपनी की महिला फाउंडेशन की अध्यक्ष पियाली रॉय ने शिक्षकों व छात्रों को प्रोजेक्ट के लाभ की जानकारी दी। ।



पियाली राय अन्य महिला सदस्यों के साथ शासकीय स्कूल उमरिया पहुंची और उन्होंने गांव के ग्रामीणों, शिक्षकों व स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों को बताया कि संस्था छह माह के भीतर स्कूल की दशा बदलने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, स्कूल में शौचालय, पुस्तकालय, कंप्यूटर लगाने के साथ ही बैठने की अच्छी व्यवस्था की जाएगी । बोलने की झिझक दूर करने के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों को बुलाया जाएगा ताकि छात्रों की योग्यता में निखार लाया जा सके। पियाली राय ने कहा कि शैक्षिक सहयोग के अतिरिक्त आगे कुछ समय में फाउंडेशन आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कार्य करेगा ताकि महिलाओं के आजीविका के अवसर बढ़ा सके व उनमे आत्मनिर्भरता हो सके। इसके लिए भविष्य में उनके विकास के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू करेंगे। इस मौके पर कंपनी के अधिकारी स्कूल में उपस्थित रहे।



### आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जारी है हर घर तिरंगा अभियान

# देशभक्ति के जज्बे के साथ तिरंगा यात्राओं का दौर, सागर में बरसते पानी में निकले लोग

**स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रदेश भर में तिरंगा रैली निकाली जा रही है, जिसमें विभिन्न जिलों के लोग उत्साह से भाग लेते हुए रैली में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान देश भक्ति के गीत और भारतमाता के नारों की गूंज सुनाई दे रही है।**



**सागर/महेश्वर/गंजबासौदा/ सिरोंज**

स्वतंत्रता दिवस के उपलब्ध में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में खुरई रोड स्थित साहू समाज धर्मशाला से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में श्याम तिवारी, वृंदावन अहिरवार उपस्थित थे। बरसते पानी में भी मातृ शक्ति, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

तिरंगा यात्रा में डीजे, ढोल और बैंड-बाजे की धुनों के साथ देशभक्ति के गीत गूंजते रहे। हाथों में लहराता तिरंगा, चेहरे पर उमंग और देशभक्ति का जोश यात्रा को विशेष बना रहा था विधायक जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि यह हमें हमारे वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है और राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत करता है।

### गंजबासौदा में स्वदेशी का संकल्प

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ ने मंगलवार को घर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ मुस्लिम बहुल बस्ती मे तिरंगा वितरण कर किया। इसमें कहा गया कि हम सभी भाई बहन पूरी आस्था और विश्वास से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से घर घर तिरंगा फहरा कर मनाएंगे। साथ ही यह संकल्प लेंगे कि अब हमारे घरों मे रोज इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं स्वदेशी ही आएंगी विदेशी नही आनलाइन नही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि बरसात में कम से कम एक पौधा मां के नाम ऐसा जरूर लगाएं जो वृक्ष बने। हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपने बुजुर्गों की याद में जरूर लगाएगा क्योंकि प्रकृति सुंदर और पर्यावरण सुरक्षित होगा तो कभी कोई कोरोना जैसी बीमारी का असर भी भारत मे नहीं हो सकेगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आह्वान किया कि इस बार घर, मकान, दुकान, हर गली हर मुहल्ले, मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा चर्च परिसर में तिरंगा फहरा कर सारे जहाँ को तिरंगामय कर दें।

### अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा, पुलिस ने हेलमेट पहनकर दिया संदेश



**महेश्वर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत महेश्वर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत थाना परिसर से हुई, जिसका नेतृत्व मंडलेश्वर एसडीओपी श्वेता शुक्ला और महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने किया। यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, नगर के गणमान्य नागरिक और युवा वर्ग शामिल हुए। देशभक्ति के जज़्बे से ओत-प्रोत यह यात्रा विजय स्तंभ चौराहा, महात्मा गांधी मार्ग, शीतला माता बाजार, गांधी चौक, कमानी गेट और मोमिनपुरा होते हुए पुनः विजय स्तंभ चौराहा से वापस थाना परिसर पहुंची। विशेष बात यह रही कि इस तिरंगा यात्रा में अधिकारी और सभी पुलिस कर्मी हेलमेट पहनकर शामिल हुए, जिससे आमजन को सड़क सुरक्षा और हेलमेट के महत्व का संदेश दिया गया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने तिरंगे और पुलिस दल का स्वागत किया। छोटे-बड़े सभी प्रतिभागियों के हाथ में तिरंगा लहराता रहा और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे न केवल देश के प्रति कर्तव्य निभाएं, बल्कि यातायात नियमों का पालन कर समाज में आदर्श प्रस्तुत करें।

### प्रशासन ने निकाली जागरूकता रैली

**सिरोंज।** प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के साथ नगर में तिरंगा रैली निकाली। शासन द्वारा चलाए जा रहे हर घर स्वच्छता हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगरवासियों को अपने प्रतिष्ठान एवं मकान पर भारत देश के शौर्य के प्रतीक तिरंगा झंडा लगाने का आव्हान करते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि हर घर पर तिरंगा लगे ऐसा हम सबका प्रयास है। जागरूकता एवं प्रचार प्रसार के लिए सभी स्तर पर रंगोली, रैली तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से इसके लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में हमने नगर में तिरंगा रैली का आयोजन किया है। उन्होंने शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपने आवास पर तिरंगा झंडा लगाने का अनुरोध भी किया है।

### पुलिस जांच में जुटी

# उज्जैन महाकाल मंदिर के पुजारी ने लगाई फांसी

**भस्म आरती के सह प्रभारी रह चुके थे गौरव शर्मा**

**उज्जैन। दोपहर मेट्रो**

शहर के नीलगंगा की सांईधाम कॉलोनी में रहने वाले 36 साल के गौरव शर्मा पिता अशोक शर्मा ने कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पड़ोस में रहने वाले अशोक जब सुबह घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। फंदे से उतारकर परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गौरव के पिता अशोक शर्मा और परिवार वालों के अनुसार गौरव मंदिर में भस्मारती सह प्रभारी था।



नीलगंगा पुलिस ने बताया कि गौरव शर्मा (36) पिता अशोक शर्मा निवासी सांईधाम कॉलोनी में घर पर अकेला था। उसकी पत्नी अर्चना बच्चों को लेकर इंदौर स्थित मायके गई हुई थी। भाई अभिषेक शर्मा के अनुसार मंदिर कर्मचारी होने के साथ ही वह ट्रेवल्स एजेंसी का भी काम करता है। सुबह 4 बजे उसने अपनी गाड़ी ओंकारेश्वर भेजकर साथी शुभम और राहुल के साथ चाय पी और घर लौट आया था, परंतु सुबह 10 बजे पिता घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। फंदे से उतारकर चरक लेकर पहुंचे तब तक मौत हो चुकी थी। परिवार वालों ने बताया कि उसकी पत्नी राखी मनाने बच्चों के साथ इंदौर स्थित मायके गई थी।नीलगंगा पुलिस के अनुसार गौरव शर्मा द्वारा आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उसके पास सुसाइड नोट भी नहीं मिला। परिवार वालों के आरोप है कि मंदिर समिति ने उसे भस्मारती प्रोटोकॉल से हटा अन्न क्षेत्र कर दिया था इस वजह से तनाव में था। उसकी पत्नी के बयान भी होना बाकी है। गौरव का पूरा परिवार महाकाल मंदिर में कर्मचारी है, जिसमें मां यशोदा शर्मा मंदिर कर्मचारी, भाई अभिषेक चिंतामण में मंदिर प्रबंधक, दूसरा भाई चंद्रप्रकाश उर्फ चंदन हरसिद्धि धर्मशाला में प्रबंधक हैं और तीनों भाइयों की पत्नियां भी मंदिर में ही कर्मचारी है। इन सभी के बयान के साथ मंदिर के सहकर्मचारियों के बयान होना बाकी है पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा।


### ऐतिहासिक उपलब्धि - राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चार टीमों ने किया क्वालीफाई

**बुरहानपुर।** मेक्रो विज़न एकेडमी, बुरहानपुर ने दीपक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सागर (मध्य प्रदेश) में आयोजित सी.बी.एस.ई. कबड्डी क्लस्टर मध्य प्रदेश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका, अंडर-17 बालिका, अंडर-14 बालक और अंडर-17 बालक वर्ग की टीमें शामिल हुईं, जिनमें मेक्रो विज़न की चारों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक वर्ग की विजेता टीम ने नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार, रोहतास (बिहार) में सितंबर माह में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, अंडर-14 बालिका वर्ग की विजेता टीम कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मांडो मटकंडा, कसौली, सोलन (हिमाचल प्रदेश) में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। अंडर-17 बालिका वर्ग की टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त कर भी सितंबर माह में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सोलन (हिमाचल प्रदेश) में राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई।

### बस का फिटनेस निरस्त एवं लायसेंस निलंबित

**सागर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि यात्री वाहन रात्रिकाल में राहतगढ़ बेरखेड़ी के पास में यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। जिसका फिटनेस प्रमाण पत्र मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 56(4) के अनुसरण में ऐसे समय तक के लिए रद्द किया गया, जब तक की वह (यान) मरम्मत न हो जाये और इस कार्यालय द्वारा यांत्रिकी दृष्टि से उपयुक्त न मान्य कर लिया जाये। पुनः फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक उक्त वाहन को प्रदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञापत्र निलंबित किया गया है।

### प्रधान आरक्षक और नगर सैनिक को 4500 की रिश्वत लेते पकड़ा



**सतना। दोपहर मेट्रो**


मध्य प्रदेश में रिश्वतखोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन कोई न कोई रिश्वतखोर को लोकायुक्त या ईओडब्ल्यू रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ती है। ताजा मामला मैहर जिले से सामने आया है। यहां पर प्रधान आरक्षक और नगर सैनिक 4500 रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए हैं।

आवेदक आनंद कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम देवरा पोस्ट मंगरौरा ने बताया कि देहात थाने में दर्ज प्रकरण में धाराएं न बढ़ाने की एवज में आरोपी प्रधान आरक्षक श्यामलाल चौधरी और नगर सैनिक बृजेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त के द्वारा सत्यापन कराया गया तो प्रधान आरक्षक और नगर सैनिक पहले ही 5500 रुपए की रिश्वत ले चुके थे।

### प्रदेश में खतरनाक वायरस की दस्तक डिंडोरी में जीका वायरस से पहली मौत

**डिंडोरी। दोपहर मेट्रो**

खतरनाक जीका वायरस ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। एमपी प्रदेश के डिंडोरी जिले में इससे एक बच्चे की मौत हो गई। बच्चे में वायरस की पुष्टि होने के बाद हलचल मच गई है। बता दें यहां जानलेवा 'जीका' वायरस की एंट्री हो गई जिसने जिले के अमरपुर ब्लाक के बहेरा गांव के 6 साल के एक बच्चे की जान ले ली है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में मौत की वजह जापानी इंसेफेलाइटिस बताई गई जिसके बाद प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं अलर्ट पर हैं। तेज बुखार, दर्द और मस्तिष्क सहित शरीर में सूजन लाने वाला यह वायरस बेहद खतरनाक है। डिंडोरी में जीका वायरस से यह पहली मौत है।



जबलपुर स्थित इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में बहेरा के 6 वर्षीय अजय गौतम की मौत जापानी इंसेफेलाइटिस से होने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट सामने आने के बाद राज्य का स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर आ गया। इधर अमरपुर बीएमओ एसएस मरकाम सहित मलेरिया विभाग की टीम बहेरा पहुंची है। मृत बालक के परिजनों से बीमारी के संबंध में जानकारी ली और गांव में पानी आदि की जांच भी की। डिंडोरी की प्रभारी मलेरिया अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी के मुताबिक आईसीएमआरएस की रिपोर्ट में बच्चे की मौत जापानी इंसेफेलाइटिस की वजह से होना बताया गया है। अमरपुर बीएमओ के साथ मलेरिया विभाग की टीम गांव गई और परिजनों से बच्चे को हुई बीमारी से जुड़ी जानकारी ली। पूरे गांव में दवा का छिडक़ाव किया जाएगा। ताकि इसका विस्तार वहीं थम जाए आगे बड़ा रूप ना ले सके।

### पारंपरिक नृत्य संगीत से संस्कृति और एकता का दिया संदेश



**बुरहानपुर।** नेपानगर में आदिवासी दिवस के अवसर पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बुरहानपुर के साथ में खंडवा खरगोन और बड़वानी जिलों से भी आदिवासी समाज शामिल हुए। नेहरू स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में समाज के वरिष्ठजनों ने आदिवासी दिवस का महत्व समझाया। उन्होंने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ आदिवासी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। नेपानगर जयस ब्लाक अध्यक्ष जगदीश कनासे ने बताया है कि जयस संगठन ने इस आयोजन की तैयारियों के लिए कई बैठकें आयोजित की थी। नेपानगर में यह कार्यक्रम साप्ताहिक रूप से 12 अगस्त को मनाने का निर्णय लिया गया था। नेपानगर जयस ब्लाक अध्यक्ष जगदीश कनासे ने बताया है कि विश्व आदिवासी दिवस हर वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस दौरान जयस ब्लाक अध्यक्ष जगदीश कनासे, जयस ब्लाक उपाध्यक्ष मास्टर रावत, बाकड़ी के पूर्व सरपंच रूमसिंह चौहान, नाहरसिंह, बिलरसिंग जमरा, अशोक चौधरी दादा (राजस्थान), गुजरात से पधारी नारी शक्ति कुसुम रावत, तारा सिंह डावर, गुड्डू जाधव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अर्चना का सुराग मिला जल्द होगा खुलासा

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

कटनी की बेटी अर्चना तिवारी 7 अगस्त को रक्षाबंधन पर घर लौटते वक्त इंदौर से कटनी आ रही थी, लेकिन रानी कमलापति स्टेशन के पास चलती ट्रेन से अचानक लापता हो गई थी। रेल पुलिस एसपी राहुल सिंह लोढा ने उसका पता लगाने का दावा किया है। इससे पहले रेल ने कटनी, भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम में उसकी तलाश कर रही थी। कटनी के स्थानीय युवा कांग्रेस नेता दिव्यांशु मिश्रा ने सूचना देने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। परिवार और समाजसेवी भी खोज में जुटे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और अन्य सुराग की मदद से अर्चना का पता लगा लिया है।

### जमीन विवाद: बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या

**पन्ना। दोपहर मेट्रो**

जिले के ग्राम लमतरा में जमीन के पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। गांव के बुजुर्ग बलिराम यादव की कुछ लोगों ने रास्ता रोककर बेरहमी से पिटाई कर दी। कुल्हाड़ी और डंडों से किए गए हमले में बलिराम यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

शाहनगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बलिराम यादव और झुक्का यादव उम्र लगभग 58 वर्ष के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह बलिराम यादव किसी निजी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते आरोपियों ने कुल्हाड़ी और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बलिराम यादव को परिजन 100 डायल की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर लेकर पहुँचे, जहाँ ड्यूटी डॉक्टर सर्वेश कुमार लोधी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों का आरोप है कि पाँच लोगों ने मिलकर हत्या की है। मृतक के 16 वर्षीय पुत्र अमरलाल यादव ने पुलिस को दिए बयान में कहा, मेरे पापा को झुक्का यादव, हल्काई यादव, जलेश यादव, झुक्का यादव की पत्नी धना यादव और जलेश यादव की पत्नी ने मिलकर कुल्हाड़ी और डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। थाना प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर पाँचों नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### पीएम मोदी और फिजी के राष्ट्रपति 25 अगस्त को ग्वालियर आएंगे

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के राष्ट्रपति नैकामा लालाबालावू मध्य प्रदेश के ग्वालियर आएंगे। यहां पर 25 अगस्त को दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत सरकार के कई अफसर मौजूद रहेंगे। पीएम और फिजी राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस तैयारियों में जुट गया हैं। संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, फिजी राष्ट्रपति नैकामा लालाबलावू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह तकरीबन 11 बजे ग्वालियर पहुंच सकते हैं। इसके बाद दोनों नेता ग्वालियर किला और तानसेन के मकबरे पर जा सकते हैं। इस दौरान दोनों देश के नेताओं के बीच कई समझौतों पर बातचीत हो सकती है।

### रक्तदान और नशा मुक्ति के लिए निकाली रैली




**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ जन जागृति रैली और संकल्प सभा से हुआ। जिसमें शहर के सभी हायर सेकेंडरी स्कूल ,कॉलेज एवं समाजसेवी ,जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। नगर के चारों दिशाओं से विभिन्न मार्गो से रैली निकाली। उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकल्प सभा का आयोजन हुआ। इस संकल्प सभा में रक्तदान करने का संकल्प लिया। नशा मुक्ति गंजबासौदा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी कहा कि रक्त सेवा समिति विगत 25 सालों से 5000 से ज्यादा अधिक रक्तदान और 60000 से ज्यादा रक्त समूह परीक्षण निशुल्क किए है। कार्यक्रम में एसडीएम विजय राय, एसडीओपी शिखा भलावी, अनिल दुबे, राकेश जैन विद्युत ने विचार व्यक्त किए। संचालन रविंद्र जैन ने किया।


**मेट्रो एंकर**

### भारत शासन के प्रोजेक्ट एलिफेंट द्वारा कोयंबतूर में समारोह आयोजित

# पेंच नेशनल पार्क के महावत केशू एवं सहादन गौरव अवार्ड से सम्मानित

**सिवनी। एजेंसी**

भारत शासन के प्रोजेक्ट एलिफेंट द्वारा कोयंबतूर में आयोजित समारोह में पेंच टाइगर रिजर्व के केशू वाल्के एवं सहादन लकड़ा को गज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया है।




पेंच टाइगर रिजर्व के उपसंचालक रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि केशु सिंह वलके, सहायक महावत, पेंच टाइगर रिजर्व में 1991 से कार्यरत हैं। इन्होंने मोहन बहादुर हाथी को 1991 से 2006 तक प्रशिक्षित किया और ट्रैकिंग कार्य करते हुए बाघों और अन्य वन्यजीवों की निगरानी की। उन्होंने अन्य हाथी जैसे अंबिका और गणेशा को भी प्रशिक्षित किया, और बाघों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में, वे गणेश हाथी को प्रशिक्षित कर रहे हैं और ट्रैकिंग कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार, सहादान राम लकड़ा 1993 से सहायक महावत के रूप में पेंच टाइगर रिज़र्व में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 1995 से 2007 तक जंग बहादुर हाथी को प्रशिक्षित किया और हाथी के साथ ट्रैकिंग करते हुए बाघों और अन्य वन्यजीवों की निगरानी की। 2007 से अब तक, वे दामिनी हाथी को प्रशिक्षित कर रहे हैं। कई बाघ बचाव कार्यों में इन दोनों के द्वारा असाधारण साहस का प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने न केवल अपने हाथी को संभालने की क्षमता दिखाई है, बल्कि अपनी कौशल का उपयोग करके प्रबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने की क्षमता भी दिखाई है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस तरह से वे अपने सौंपे गए हाथी की देखभाल सुनिश्चित करते हैं, वह अन्य महावतों के लिए एक उदाहरण है।

### बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को हराया

## शुभमन गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

**दुबई , एजेंसी**

टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने जुलाई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया। उन्होंने इस रेस में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर को हराया। शुभमन ने जून से अगस्त के बीच इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 4 शतक लगाए थे। विमेंस क्रिकेट में इंग्लैंड की बैटर सोफिया डंकली को यह अवॉर्ड मिला। उन्होंने अपनी ही टीम की सोफी एकलस्टन और आयरलैंड की कप्तानी गैबी लुईस को हराया। शुभमन ने जुलाई में 567 रन बनाए जुलाई महीने में 25 साल के शुभमन ने 94.50 की औसत से 3 टेस्ट में 567 रन बनाए। इनमें एक डबल सेंचुरी और 2 सेंचुरी शामिल रहीं। सीरीज का एक शतक उन्होंने अगस्त महीने में लगाया, इसलिए उसे जुलाई के स्कोर में शामिल नहीं किया। गिल को चौथी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला।



शुभमन बोले- अवॉर्ड की अहमियत बहुत ज्यादा कउउ अवॉर्ड मिलने के बाद शुभमन ने कहा, प्लेयर ऑफ द मंथ बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस बार इस अवॉर्ड की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि यह टेस्ट कप्तानी में मेरी पहली सीरीज की परफॉर्मेंस से मिला। बर्मिंघम में डबल सेंचुरी लगाना मुझे हमेशा याद रहेगा। यह मेरे इंग्लैंड दौरे की बड़ी हाईलाइट रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज मेरे लिए कप्तान के रूप में सीखने का बड़ा मौका रहा। सीरीज में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया।

### गिल 4 बार अवॉर्ड जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

आईसीसी ने 2021 में प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड देने की शुरूआत की। तब से शुभमन गिल ने चौथी बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। इसी के साथ वे सबसे ज्यादा बार इस अवॉर्ड को जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बने। गिल ने इसी साल फरवरी में भी अवॉर्ड जीता। वहीं 2023 में उन्हें 2 बार अवॉर्ड मिला था। विमेंस प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज भी 4-4 बार यह अवॉर्ड जीत चुकी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया लगातार नौ टी-20 जीत के बाद हारा: साउथ अफ्रीका ने 53 रन से मात दी

**डार्विन।** साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 मैच में 53 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 16 अगस्त को खेला जाएगा। डार्विन ग्राउंड पर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 218 रन बनाए। टीम से 22 साल के डेवाल्ड ब्रेविस ने 56 बॉल पर 125 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 8 छक्के लगाए। जवाबी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 17.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से टिम डेविड ने 50 रन बनाए।

### पूर्व दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह का वर्ल्ड कप 2011 पर बड़ा खुलासा

# ना कोई टीवी देखेगा, ना अखबार पढ़ेगा बताई सचिन-कर्स्टन की हेडफोन स्टोरी

**नई दिल्ली , एजेंसी**

**युवराज सिंह ने हाल ही में भारत की 2011 वर्ल्ड कप जीत से जुड़ी एक अनकही कहानी साझा की, जिसमें टूर्नामेंट के दौरान टीम पर पड़ने वाले प्रेशर पर बात की। युवराज ने खुलासा किया कि नागपुर में ग्रुप राउंड में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार ने तत्कालीन कप्तान एमएस धोनी और पूरी टीम पर भारी प्रेशर पड़ा था। यह हार बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के नाटकीय मुकाबले के तुरंत बाद आई थी।**

टीम इंडिया की बढ़ती आलोचना के जवाब में तब दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और हेड कोच गैरी कर्स्टन ने खिलाड़ियों को बाहरी शोर और नकारात्मकता से दूर रहने के लिए टेलीविजन समाचार देखने या अखबार पढ़ने से बचने की सलाह दी थी। युवराज ने 11 अगस्त को मुंबई में एक आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) के इवेंट में कहा- मैं आपको एक उदाहरण देता हूं कि उस समय हमें कैसा महसूस हुआ था? उस समय तक, किसी भी देश ने अपने घर में वर्ल्ड कप नहीं जीता था, और हमें वर्ल्ड कप जीते हुए 28 साल हो गए थे। मुझे याद है कि इंग्लैंड के खिलाफ हमने मैच बराबर किया था और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हम जीत की स्थिति में होते हुए भी हार गए थे, तब हमें काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी।



### किस टीम ने अपने घर में जीता वनडे वर्ल्ड कप?

उन्होंने आगे कहा- मुझे याद है कि सचिन तेंदुलकर और कोच गैरी कर्स्टन हमारे पास आए और हमसे बात की। वह बोले- यहां से टूर्नामेंट जीतने के लिए हमें क्या करने की जरूरत है, कोई भी टीवी नहीं देखेगा, कोई भी अखबार नहीं पढ़ेगा, जब आप मैदान की ओर चलें तो मैदान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने हेडफोन लगा लें, अपने कमरे में वापस जाते समय, अपने हेडफोन वापस लगा लें, शोर को कम करें और टूर्नामेंट जीतने के लिए जो करने की जरूरत है, उसे करने की कोशिश करें। टूर्नामेंट के दौरान कैंसर से जूझ रहे युवराज ने तब शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया था। उन्होंने तब पूरे टूर्नामेंट में 362 रन बनाए और 15 विकेट लिए। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही वह श्रीलंका के अरविंद डी सिल्वा और साउथ अफ्रीका के लांस क्लूजनर के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए, जिन्होंने एक ही वर्ल्ड कप में चार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीते।

### युवराज ने हरमनप्रीत ब्रिगेड को क्या सलाह दी?

महिला वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए युवराज सिंह ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडि?या का हौसला बढ़ाया। उन्होंने टीम से आग्रह किया कि वे मैदान पर डटे रहें, ध्यान केंद्रित रखें और हर पल का भरपूर आनंद लें। 43 साल के युवराज ने कहा- हर बार जब आप किसी मैच में उतरते हैं, तो आपको यह विश्वास होना चाहिए कि आप अपने देश के लिए मैच जीतना चाहते हैं, अगर स्मृति मंधाना आउट हो जाती हैं, तो हरमन को कहना होगा कि मैं शाइन करने वाली हूं। अगर हरमनप्रीत कौर आउट हो जाती हैं, तो उन्हें विश्वास होना चाहिए कि जेमिमा मैदान पर हैं, आपको एक टीम के रूप में यह विश्वास होना चाहिए कि जब भी मैं गेंदबाजी या बल्लेबाजी करने उतरेगा, तो मैं ही वह व्यक्ति हूं जो अंतर पैदा करेगा। अगर सभी 11 खिलाड़ी ऐसा मानते हैं, तो परिणाम अपने आप सामने आ जाएंगे। आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर को मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु के एम। चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच से होनी है

## सिनसिनाटी ओपन : संबालेका ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु को हराकर खिताब पर कब्जा किया। राडुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं। पहले सेट में राडुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा राडुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया। तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। राडुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से राडुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया।



**मुश्किल मैच जीतकर हूं खुश** जीत के बाद सबालेंका ने कहा, मैं इस मुश्किल मैच को जीतकर खुश हूं। राडुकानू पर तीसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए मुझे जोखिम भरे शॉट खेलने पड़े। मुझे उसके खिलाफ लड़ने में मजा आ रहा है। वह एक अद्भुत खिलाड़ी है, एक बहुत अच्छी इंसान है, और मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। मैं उसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ देखकर खुश हूं। वह खेल में लगातार सुधार कर रही है।

### एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से

## भारतीय टीम को खलेगी तीन दिग्गजों की कमी

**नई दिल्ली ।** एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होने वाला है। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 या 20 अगस्त को कर सकती है। इस बार एशिया कप में भारतीय टीम तीन दिग्गज खिलाड़ियों कमी महसूस करेगी, जो इस फॉर्मेट में सर्वाधिक सफल रहे हैं। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम पूर्व कप्तान विराट कोहली की कमी निश्चित रूप से महसूस करेगी। विराट कोहली टी20 फॉर्मेट में हुए एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। विराट ने 2016 से 2022 के बीच 10 मैचों की 9 पारियों में 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाते हुए 429 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 122 है। कोहली टी20 से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में भारतीय टीम उनकी कमी इस बार महसूस करेगी।

### टी-20 रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज

भारतीय टीम एशिया कप में रोहित शर्मा की कमी भी महसूस करेगी। टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। रोहित ने 2016 से 2022 के बीच 9 मैचों की 9 पारियों में 271 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 83 है। रोहित शर्मा ने भी टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। इसलिए वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। भारतीय टीम जिस तीसरे खिलाड़ी की कमी महसूस करेगी वह भुवनेश्वर कुमार। टी20 फॉर्मेट में एशिया कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भुवी के नाम है। 2016 से 2022 के बीच 6 मैचों में उन्होंने 13 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास नहीं लिया है। लेकिन, नवंबर 2022 से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। जसप्रीत बुमराह, सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी में भुवनेश्वर की टीम में एशिया कप के लिए वापसी मुश्किल है।

### मनोरंजन

### बॉलीवुड का कोना

## एक कान्हा डॉल से बच्चे हमारी जड़ों से जुड़ सकते हैं : एकता कपूर

भक्ति, संस्कृति और क्रिएटिविटी की दिल को छू लेने वाली शाम में, कौशिक ठक्कर ने, जाह्नवी दोशी के साथ मिलकर, कृष्ण कलेक्शन से मनमोहक बाल कान्हा डॉल का अनावरण किया। इस मौके पर रुपाली गांगुली, उर्वशी ढोलकिया, दिव्या अग्रवाल, तनाज़ ईरानी, दीपशिखा नागपाल, दीपिका सिंह, स्रीजिता डे, ऋतु शिवपुरी और कई चमकते सितारे मौजूद थे। एकता कपूर ने अपने श्रीकृष्ण प्रेम पर खुलकर कहा, मेरा मानना है कि जो भी आध्यात्मिक है, या फिर भले न हो, अगर आप मां हैं तो अपने बच्चों में कान्हा का रूप देखते हैं। जब मेरा बेटा हुआ और मैं पहली बार श्रीनाथजी गई, तब मैंने इस एहसास को गहराई से महसूस किया। आज के बच्चे



सुपरहीरो और एंटरटेनमेंट से घिरे रहते हैं, लेकिन धर्म और विश्वास तो उन्हें बाद में ही टकराते हैं। इससे पहले कि वे टीनएज में उस राह पर चलें, हम उन्हें हमारी जड़ों से मज़ेदार और इंट्रेस्टिंग तरीके से जोड़ सकते हैं - जैसे एक कान्हा डॉल के ज़रिए। यह अगली पीढ़ी को हमारी परंपराओं और विश्वास प्रणाली से मिलवाने का खुशगवार तरीका है।

कान्हा यूनिवर्स पर उपलब्ध यह बाल कान्हा डॉल, कृष्ण के बचपन की मासूमियत और शरारत को बखूबी समेटे हुए है। बारीक कारीगरी से सजी यह डॉल, सिर्फ एक कलेक्टिबल नहीं बल्कि छोटे दिलों को भारत की आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का प्यारा ज़रिया है। यह शाम सिर्फ एक लॉन्च नहीं, बल्कि कृष्ण के बचपन की अमिट मिठास का जश्न थी – जिसमें भक्ति, कला और सांस्कृतिक गर्व तीनों का खूबसूरत संगम था।

**ज़ी टीवी के रियलिटी शो छोरियां चली गांव की कंटेस्टेंट ऐश्वर्या को नॉमिनेट किया गया है। उन पर इस शो से बाहर निकलने की तलवार लटक रही है। ऐश्वर्या को उनकी को-कंटेस्टेंट एरिका पैकर्ड ने नॉमिनेट किया। इस पर ऐश्वर्या ने कहा, मैंने उस पर विश्वास किया, मगर खुद को खतरे में पाकर उसने मुझे धोखा दिया। इससे पहले ऐश्वर्या ने मालकिन ऑफ बसेरा राउंड में एरिका को वोट दिया था। तब उन्हें लग रहा था कि दोनों के बीच की समझ बरकरार रहेगी।**

### छोरियां चली गांव में ऐश्वर्या खरे को किया नॉमिनेट

## एक्ट्रेस बोलीं, ये शो आपको हर तरह से टेस्ट करता है

ऐश्वर्या ने कहा, हमने एक-दूसरे का साथ दिया है; कम से कम मुझे तो यही लगा था। यह खेल का हिस्सा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह इस हद तक पहुंच जाएगा। हालांकि, जब एरिका को नॉमिनेट करने की पावर दी गई तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के ऐश्वर्या का नाम ले लिया। ऐश्वर्या ने आगे कहा, जब उन्होंने मेरा नाम लिया, तो सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि दोस्ती भी बदल गई। उनके पास अधिकार था और उन्होंने मुझे नॉमिनेट किया। यह बहुत कुछ कहता है।

एरिका के द्वारा ऐश्वर्या को नॉमिनेट करते ही होस्ट रणविजय और कंटेस्टेंट अनीता हसनंदानी उनके सपोर्ट में खड़े दिखे। हालांकि, एरिका अपने फैसले पर अडिग रहीं और कहा कि ये सोच-समझकर उठाया गया कदम था और गेम की प्रोग्रेस के लिए जरूरी था, जबकि ऐश्वर्या के लिए दिल तोड़ देने वाला फैसला था। ऐश्वर्या ने कहा, %यह जगह हर तरह से आपकी परीक्षा लेती है, और कई बार कठिन लड़ाई आपके प्रतिद्वंद्वी से नहीं, बल्कि उनसे मिलती है जिनके बारे में सोचते हैं कि वो आपकी तरफ हैं।



पिछले एपिसोड में ऐश्वर्या ने एरिका के लिए एक गाना गाया था। गाना था तू मेरा हमदर्द है, इसे सुनकर एरिका की आंखें भर आई थीं। इस शो को रणविजय सिंह होस्ट कर रहे हैं। ये एक रियलिटी शो है जो ग्रामीण बैकग्राउंड पर आधारित है। शो में अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, ऐश्वर्या खरे, रमीत संधू, अंजुम फकीह, रेखा सुखेजा, डॉली जावेद, सुमुखी सुरेश, एरिका पैकर्ड, और सुरभि समृद्धी जैसे सेलिब्रिटी हैं।



### मेट्रो बाजार

## भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे में आम जनता के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में घटकर दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच सकती है। इसकी वजह खाद्य और ईंधन की कीमतों में गिरावट आना है। रिपोर्ट में बताया कि जुलाई में थोक महंगाई दर कम होकर सालाना आधार पर -0.45 प्रतिशत हो सकती है। जून में यह -0.13 प्रतिशत थी। अगर जुलाई में थोक महंगाई का प्रिंट इस स्तर पर आता है, जो यह अगस्त 2023 के बाद सबसे निचला स्तर होगा।

रिपोर्ट में कहा गया, जुलाई 2025 में थोक महंगाई दर -0.45 प्रतिशत के साथ दो साल के निचले स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया कि थोक महंगाई दर, खुदरा महंगाई के ट्रेंड को भी दिखाती है, क्योंकि समीक्षा अवधि के दौरान खाद्य उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई। मुख्य थोक महंगाई दर, जिसमें खाद्य वस्तुओं और ईंधन को शामिल नहीं किया जाता है, जुलाई में 1.50 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून के 1.06 प्रतिशत से ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई में खाद्य महंगाई दर कम होकर -1.72 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून में -0.26 प्रतिशत थी। जुलाई में ईंधन में महंगाई -4.90 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कि जून में -4.23 प्रतिशत थी।

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर को कोई नुकसान नहीं

**नई दिल्ली ।** भारतीय फार्मा सेक्टर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से कोई नुकसान नहीं होगा, जो दुनिया के 80 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह कहना है भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व महानिदेशक डॉ. एन.के. गांगुली का। अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के बीच, डॉ. गांगुली ने कहा, अगर कोई देश टैरिफ बढ़ाता है तो उससे उसे ही नुकसान होता है, फायदा नहीं। भारत सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने और निर्यात करने वाला देश है।



उन्होंने कहा कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका में दवाओं के दाम बहुत अधिक हैं और वहां जेनेरिक दवाओं का उत्पादन नहीं होता, क्योंकि इसमें अधिक श्रम, फैक्ट्री और लागत की जरूरत होती है। ऐसे में, ये देश अन्य देशों से जेनेरिक दवाएं आयात करते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए भारत को इस टैरिफ से कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि नुकसान उसी देश को होगा जिसने टैरिफ लगाया है, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे सस्ती दवाएं उपलब्ध कराता है। भारत ने जीवनरक्षक दवाओं पर टैरिफ भी कम कर दिया है ताकि जरूरतमंद देश उन्हें आसानी से खरीद सकें। डॉ. गांगुली के मुताबिक, टैरिफ बढ़ाने वाले देश के लोगों को महंगी दवाएं खरीदनी पड़ेंगी। 7 अगस्त से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत शुरुआती ड्यूटी लागू हो चुकी है, जबकि 27 अगस्त से अतिरिक्त शुल्क भी लागू होगा।

### मदरसे में पढ़ना नहीं चाहते, पहले भी इनमें से तीन बच्चे भाग चुके

# मदरसे के चार बच्चों के गायब होने से मचा हड़कंप, 20 घंटे बाद गोविंदपुरा में मिले

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**बाग फरहत अफ्ता स्थित मदरसा मिफ्ता हुल उलूम से चार नाबालिग बच्चों के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया। हर संभव ठिकानों पर तलाश करने के बाद मदरसे के कारी ने ऐशबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर खोजबीन की और करीब 20 घंटे की मशक्कत के बाद गोविंदपुरा क्षेत्र की एक मस्जिद के पास से सकुशल दस्तयाब कर लिया। काउंसलिंग कराने के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।**



थाना प्रभारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया कि न्यू औकाफ कॉलोनी बाग फरहत अफ्जा निवासी कारी रफीक अहमद (55) मदरसा मिफ्ता हुल उलूम में बच्चों को पढ़ाते हैं। विगत 11-12 अगस्त की दरमियानी रात उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मदरसे से 15, 10, 9 और 9 साल के चार बच्चे सोमवार दोपहर से गायब हैं। चारों बच्चों के परिजनों के साथ मदरसे के आसपास, आस-पड़ोस व मोहल्ले-रिश्तेदारों समेत हर संभव ठिकानों पर तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका है। ऐसी संभावना है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर मदरसे के बच्चों को अगवा कर ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी। विवेचना के दौरान वायरलेस सेट के माध्यम से भोपाल के सभी थानों को घटना के संबंध में अवगत कराया गया। घटनास्थल के आसपास की सकरी गलियों में चैकिंग कर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज से मिले अहम सुराग के आधार पर पुलिस ने मंगलवार सुबह गोविंदपुरा हाट बाजार के पास से चारों बच्चों को दस्तयाब कर लिया।

एसआई प्रदीप गुर्जर ने बताया कि दस्तयाब हुए चार बच्चों में से तीन बच्चे पहले भी करीब पांच माह पूर्व मदरसे से भाग चुके हैं। काउंसलिंग कराने पर पता चला कि बच्चे मदरसे में पढ़ना नहीं चाहते, जबकि परिजन उन्हें जबरन पढ़ने के लिए मदरसा भेजते हैं। गायब होने के बाद चारों बच्चे गोविंदपुरा पहुंच गए थे। चारों बच्चे रात को गोविंदपुरा मस्जिद के परिसर में सो गए थे। सुबह होने पर बच्चे बाहर निकलकर खेलने लगे। तभी खोजते हुए पुलिस व परिजन वहां पहुंच गए।

## सल्फास निगला, पत्नी को कॉल कर कहा, मैंने जहर खा लिया..

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**इलाज के दौरान मौत, रक्षा बंधन मनाने चार दिन से मायके में है पत्नी**

**भोपाल।** बैरसिया के लक्ष्मीनारायण नगर में रेस्टोरेंट संचालक ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। जहर खाने के बाद मायके गई पत्नी को उसने कॉल कर घटना की जानकारी दी। पत्नी ने अपने सास-ससुर को फोन किया। सोमवार शाम गंभीर हालत में युवक को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीनारायण नगर निवासी प्रदीप यादव पुत्र लखन यादव (23) और उसका परिवार खेती-किसानी करते हैं। कुछ दिन पूर्व ही प्रदीप ने करारिया चौराहे पर रेस्टोरेंट खोला था। सोमवार शाम करीब चार बजे सल्फास खाने के बाद उसने मायके गई अपनी पत्नी को कॉल कर बताया कि उसने जहर खा लिया है। उस समय वह शराब के नशे में धुत था। घटना के समय परिजन घर में माजूद नहीं थे। लिहाजा पत्नी ने अपने सास-ससुर को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन फौरन घर पहुंचे और प्रदीप यादव को इलाज के लिए एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सेन का कहना है कि होश में नहीं होने के कारण प्रदीप यादव के मृत्युपूर्व बयान नहीं हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## चलती ट्रेन में महिला का पर्स झपटकर भागा बदमाश

**भोपाल।** रीवा से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे परिवार की महिला का पर्स चलती ट्रेन में अज्ञात बदमाश ने झपट लिया और कूदकर भाग निकला। घटना रानी कमलापति एक्सप्रेस में हुई। जीआरपी थाना भोपाल ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जीआरपी भोपाल के मुताबिक ग्राम जामु थाना बैकुंठपुर जिला रीवा निवासी करुणानिधि पाठक (55) विगत 10 अगस्त को रीवा रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस-11 की सीट नंबर 1, 2,4,7 व 8 पर परिवार के साथ रीवा से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी ज्योति पाठक अपना पर्स बर्थ के सिरहाने रखकर सो गईं। जैसे ही ट्रेन निशातपुरा स्टेशन पर खड़ी हुई, उनकी नींद खुल गई। तभी एक लडक़ा आया और ज्योति पाठक के हाथ से झपट्टा मारकर पर्स लेकर भाग निकला। ज्योति पाठक ने अपने पति को बताया कि मेरा पर्स एक लडक़ा झपट्टा मारकर लेकर भाग गया है। पर्स में दो मोबाइल फोन और दस हजार रुपए नगद रखे थे। बाद में वह जीआरपी थाना भोपाल पहुंचे और अज्ञात आरोपी के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज करा दिया।

## पिता के सदमे में 15 साल की किशोरी ने जहर खाकर दी जान

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।** बैरसिया के ग्राम हिगौनी में सोमवार दोपहर 15 साल की किशोरी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जीवनदान अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। होश में नहीं होने के कारण किशोरी के बयान नहीं हो सके। परिजनों का कहना है कि करीब डेढ़ माह पूर्व पिता ने भी कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। तभी से किशोरी गुमसुम व दुखी रहने लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि पिता की मौत के सदमे में किशोरी ने आत्महत्या की है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सेन ने बताया कि ग्राम हिगौनी थाना बैरसिया निवासी आरुषि यादव (15) ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। परिवार खेती-किसानी करता है। आरुषि के पिता ने करीब डेढ़ माह पूर्व जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता की मौत के बाद से ही आरुषि गुमसुम व दुखी रहने लगी थी। स्कूल भी कभी-कभार जा रही थी। सोमवार 11 अगस्त की दोपहर आरुषि ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

## जिम से लौट रहे युवक पर तीनों लोगों ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पिपलिया बाज खां में सोमार रात जिम से लौट रहे युवक पर तीन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। सिर में आई गंभीर चोट के चलते युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार तीनों आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पिपलिया बाज खां निवासी गोविंद मीना पुत्र ज्ञान सिंह मीना (22) एलएस मेमोरियल स्कूल में 12 वीं कक्षा का छात्र है। विगत 11 अगस्त की रात करीब साढ़े 10 बजे वह जिम से अपने घर जा रहा था। तभी सरकारी स्कूल के पास पिपलिया बाज खां गांव में चतर शर्मा, दीपेश शर्मा और छोटेराम शर्मा ने उसे देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चतर शर्मा और छोटेराम ने लात-मुक्कों से मारपीट कर दी वहीं दीपेश ने डंडे से गोविंद के सिर पर वार कर दिए। उसे लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरता देख तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। फरियादी गोविंद मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है।

### प्रशासन अकादमी के पास से पुलिस ने आरोपी को कार समेत दबोचा

## पत्नी की तलाश में निकले ड्राइवर ने चाबी लगी देख चुराई कार, कम दाम में बेचने के प्रयास में धराया

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

आर्थिक तंगी को लेकर हुए विवाद के बाद पत्नी घर छोड़कर चली गई। ड्रायवर पति उसे खोजने निकल पड़ा। इस बीच हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित नगरीय प्रशासन भवन के सामने उसे चाबी लगी स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी मिली। नशे में धुत युवक ने कार चुरा ली और अगले दिन कम दाम में बेचने प्रशासन अकादमी के पीछे पहुंच गया। कैमरा फुटेज से मिले हुलिए के आधार पर मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने आरोपी को कार समेत हिरासत में ले लिया। बरामद कार की कीमत सात लाख रुपए बताई जा रही है। कार नगरीय प्रशासन भवन में अटैच है।



### फुटेज से मिला आरोपी का हुलिया

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और उस ओर आने-जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। फुटेज से मिले हुलिए के आधार पर मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया। इस बीच 12 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रशासन अकादमी के पीछे सांची कार्नर के पास 1100 सौ क्वार्टर इलाके में एक अज्ञात शख्स सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार कम दाम में बेचने की बात कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार में बैठे संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जितेन्द्र अहिरवार (32) निवासी प्रेमपुरा भदभदा रोड थाना कमला नगर का होना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त कार नगरीय प्रशासन भवन के सामने से चोरी करना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार बरामद कर विधिवत रूप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ कोलार थाने में आर्म्स एक्ट और गोविंदपुरा थाने में मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बिशनखेड़ी भदभदा रोड निवासी बृजमोहन राठौर (46) ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार छह नंबर स्टॉप स्थित नगरीय प्रशासन भवन में अटैच की हुई है। बंजारी कोलार रोड इलाके में रहने वाला ड्रायवर अजय मीना कार चलाता है। सोमवार 11 अगस्त की सुबह नौ बजे अजय मीना घर से कार लेकर गया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ड्राइवर ने बृजमोहन राठौर फोन कर सूचना दी कि वह छह नंबर स्टॉप के पास नगरीय प्रशासन भवन के सामने पेड़ के नीचे चबूतरे पर लेटा था और अधिकारी के आने का इंतजार कर रहा था। गाड़ी में चाबी लगी हुई थी। लेटे-लेटे उसकी आंख लग गई। इस बीच कोई अज्ञात बदमाश चाबी लगी देख, गाड़ी चुराकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।



**फाइनल रिहर्सल**

भोपाल के लालपरेड मैदान पर 15 अगस्त को राज्य स्तरीय समारोह में होने वाली स्वतंत्रता दिवस परेड का आज फाइनल रिहर्सल किया गया।

## कर्तव्य पथ की तरह सजा कोलार सिक्स लेन




**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भारत की विशाल तिरंगा यात्रा कल मुखर्जी नगर कोलार रोड से निकलेगी। तिरंगा यात्रा के लिए मुखर्जी नगर सहित पूरे क्षेत्र को तिरंगे के तीन रंग में रंग दिया गया है। तिरंगा यात्रा के आयोजक कर्मश्री के अध्यक्ष एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल रहेंगे।

## पुरानी रंजिश पर युवक से तीन ने की मारपीट

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाले एक युवक के साथ गांव के तीन लोगों ने मारपीट कर दी। जानकारी के अनुसार गोविंद मीना (22) सूखी सेवनिया में रहता है और बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे चतर शर्मा, दीपेश शर्मा और छोटेराम शर्मा ने रास्ते में देख उसके साथ गाली-गलौज की। गोविंद ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उनके बीच प्लाट को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को कार ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस के मुताबिक सचिन साहू (40) चूनाभट्टी में रहते हैं और शासकीय कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर का काम करते हैं। बीती छह अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे वह ऐशबाग स्थित कैफ पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक कैफे के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक ने बाइक सुधरवाने की बात कही थी, लेकिन जब कई दिनों बाद भी उसने बाइक नहीं सुधवाई तो सचिन ने थाने जाकर कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

**मेट्रो एंकर** साथ बैठा युवक तलवार के साथ पकड़ा गया

# युवक को टक्कर मारने के बाद बाइक छोड़कर भागा चालक

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

ईंटखेड़ी इलाके में पैदल जा रहे एक युवक को बाइक सवार युवकों ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस दौरान एक युवक बाइक छोड़कर भाग निकला, जबकि दूसरा तलवार के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ एक्सीडेंट और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हज्जामपुरा निवासी रत्नेश सेन एक व्यक्ति के यहां काम करता है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे वह पास की दुकान पर सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान अचारपुरा की तरफ से हेड लाईट बंदकर आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने रत्नेश को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रत्नेश सड़क पर गिरकर घायल हो गया, जबकि बाइक सवार दोनों युवक भी गिर पड़े। इस दौरान बाइक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला, जबकि पीछे बैठा युवक हाथ में तलवार लिए थे। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल रत्नेश को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में थाने जाकर बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।




## अज्ञात वाहन ने ओला बाइक चालक को मारी टक्कर

**भोपाल।** कोलार इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से ओला बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज कराने के बाद उसने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार मनोज शर्मा (52) राजहर्ष कालोनी में रहते हैं और ओला बाइक चलाते हैं। बीती पांच अगस्त की रात करीब नौ बजे ललिता नगर के पास एक बुकिंग लेने जा रहे थे। वह जैसे ही संस्कार उपवन के सामने पहुंचे, वैसे ही अज्ञात वाहन ने उसकी ओला बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मनोज सड़क पर गिरकर घायल हुआ और बेहोश हो गया। एक आटो चालक ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया था। इलाज कराने के बाद मनोज ने थाने जाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मायके से रात को लापता विवाहिता की सुबह कुएं में मिली लाश

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कलाखेड़ी में एक नवविवाहिता ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। सोमवार रात अचानक लापता होने पर मायके के लोगों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने खोजबीन की तो पड़ोस के कुएं में शव पानी में उतराता नजर आया। पंचनामा बनाकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस को घर से मिले सुसाइड नोट में लिखा है कि पति व सास-ससुर की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर रही हूं। ससुरालवाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। थान प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि ग्राम कलाखेड़ी परवलिया निवासी अंकिता मीना (25) का विवाह दोराहा में रहने वाले बबलू मीना से हुआ था। पिछले कुछ दिनों से अंकिता अपने मायके में ही रह रही थी। सोमवार रात अचानक अंकिता अपने मायके से लापता हो गई। हर संभव ठिकानों पर तलाश करने के बाद परिजन तडक़े गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की खोजबीन की तो उसका शव पड़ोस में रहने वाले विक्रम मेवाड़ा के कुएं में पड़ा मिला। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतका के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022